R.N.I. NO. RAJHIN/2012/48736


website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :12 | अंक : 181 | पेज: 8 | जयपुर,शुक्रवार, 07 जून 2024 | मूल्य: 1.50 रुपये

### ये सबसे बड़ा स्कैम; भाजपा ने कहा- लोग निवेश ना करें, , राहुल इसके लिए बोल रहे

# राहुल बोले- मोदी-शाह ने निवेशकों के 30 लाख करोड़ डुबाए




राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 4 जून रिजल्ट डे पर स्टॉक मार्केट की गिरावट को बड़ा घोटाला बताया। उन्होंने इसकी जेपीसी (जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी) से जांच कराने की मांग की है।

राहुल ने कहा कि 31 मई को भारी स्टॉक एक्टिविटी थी। ये वो लोग थे, जो जानते थे कि कोई न कोई घपला हो रहा है। हजारों करोड़ों यहां इन्वेस्ट हुए। 30 लाख करोड़ का नुकसान हुआ। रीटेल इन्वेस्टर का नुकसान हुआ। ये हिंदुस्तान का सबसे बड़ा स्कैम है।

राहुल के आरोप पर भाजपा नेता पीयूष गोयल ने कहा, 'फिर एक बार मोदी सरकार आना निश्चित है। इस बात से राहुल गांधी परेशान नजर आते हैं। लोग निवेश न करें, इसके लिए बोल रहे हैं। एक जून और 4 जून की खरीद फरोख्त से भारतीय निवेशकों को नुकसान नहीं, बल्कि फायदा हुआ।

**राहुल बोले- मोदी-शाह ने कहा था नतीजे आएंगे, तो शेयर बाजार आसमान पर जाएगा**

राहुल गांधी ने कहा, 'पहले गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आने वाली 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे, तो शेयर बाजार आसमान पर जाएगा। इसके तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी आने की बात कहते हुए लोगों को शेयर खरीदने की सलाह दी। इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी इसी तरीके से शेयर बाजार में जोरदार उछाल की बात कही थी।'

लोकसभा चुनाव के नतीजों वाले दिन यानी 4 जून को सेंसेक्स में 4389 अंकों (5.74%) की गिरावट देखने को मिली थी। इससे निवेशकों को 30 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। 4 जून को BSE पर लिस्टेड कंपनियों का ओवर ऑल मार्केट कैप 395 लाख करोड़ रुपए हो गया था। एक दिन पहले यह लगभग 426 लाख करोड़ रुपए था।

**भाजपा ने कहा- भारत के छोटे निवेशकों को फायदा हुआ**

राहुल के आरोप पर भाजपा नेता पीयूष गोयल ने कहा, 'फिर एक बार मोदी सरकार आना निश्चित है। इस बात से राहुल गांधी परेशान नजर आते हैं। लोग निवेश न करें, इसके लिए बोल रहे हैं।

आज से 10 साल पहले जब यूपीए की सरकार थी, तब भारत का मार्केट कैप 67 लाख करोड़ था। यही मोदी जी को विरासत में मिला था। आज हमारा मार्केट कैप 415 लाख करोड़ का मार्केट कैप हो चुका है। इसमें 5 गुना से ज्यादा बढ़त मोदी सरकार के कार्यकाल में हुई है।'

पीयूष गोयल ने बताया, 'जिस दिन एग्जिट पोल आए तो मार्केट ऊपर था। तब फॉरेनर्स ने महंगे दाम पर शेयर खरीदे। भारतीय निवेशकों ने बेचकर लाभ लिया। 4 जून को जब मार्केट गिरा, तब फॉरेन इन्वेस्टर्स ने कम दाम पर बेचा और भारतीय निवेशकों ने खरीदा। भारतीय निवेशकों ने सोचा कि मोदी सरकार आ रही है, हम फायदा कमाएंगे। कहने का मतलब ये है कि भारतीय निवेशकों ने महंगे दाम पर बेचा और कम दाम में खरीदा।'

13 मई को अमित शाह ने कहा था- 'स्थिर सरकार आएगी तो बाजार में तेजी आएगी

इससे पहले एक इंटरव्यू में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था- मैं शेयर बाजार की चाल का अनुमान नहीं लगा सकता, लेकिन आम तौर पर जब भी केंद्र में एक स्थिर सरकार बनती है, तो बाजार में तेजी देखी जाती है। मुझे लगता है कि BJP 400 से ज्यादा सीटें जीतेगी, एक स्थिर मोदी सरकार आएगी और इस तरह बाजार में तेजी आएगी।

**19 मई को पीएम ने एक इंटरव्यू में कहा था- चुनाव नतीजों के बाद शेयर बाजार में तेजी आएगी प्रधानमंत्री मोदी ने 19 मई को NDTV को दिए इंटरव्यू में कहा, 'चुनावी सप्ताह के दौरान, या जिस सप्ताह लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होते हैं, बाजार का प्रदर्शन दिखाएगा कि कौन सत्ता में वापस आ रहा है।'**

**PM मोदी ने आगे कहा था कि 10 साल पहले जब हमारी सरकार आई, तो बाजार 25,000 (सेंसेक्स) पर था और अब 75,000 पर है। PSU बैंकों को देखें, उनके शेयरों की वेल्यू बढ़ रही है। कई सरकारी कंपनियों के शेयर पिछले दो साल में 10 गुना से ज्यादा बढ़ गए हैं।**

ये लोग समलैंगिकता और अनैतिक संबंध के दोषी पाए गए थे

## तालिबान ने 63 लोगों को कोड़े मारे इनमें 14 महिलाएं, एक को फांसी दी



रॉयल पत्रिका ⏩ नई दिल्ली

अफगानिस्तान में तालिबान ने 14 महिलाओं सहित 63 लोगों को सार्वजनिक जगहों पर ले जाकर कोड़े मारे हैं। लोगों को समलैंगिकता, चोरी और अनैतिक संबंध बनाने का दोषी पाया गया था। महिलाओं को एक सार्वजनिक स्टेडियम में कोड़े मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र यूएन ने इस सजा की निंदा की है। इसे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार नियमों के खिलाफ बताया है। तालिबान समलैंगिकता को इस्लाम के खिलाफ मानता है। उसने सरी पुल प्रांत में स्टेडियम में पहले लोगों को इकट्ठा किया था फिर कोड़े मारे। तालिबान लोगों को इस्लाम के रास्ते पर चलने को कहता है। साथ ही लोगों से ऐसा न करने पर सजा भुगतने की धमकी देता है।

**अफगानिस्तान कोर्ट ने नहीं सुना आरोपियों का पक्ष**

अफगानिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने पहले मामले में सुनवाई की। इस दौरान आरोपियों को अपना पक्ष रखने के लिए ज्यादा उचित समय नही दिया गया, न ही आरोपियों की बात सुनी और सीधे फैसला दे दिया। इतना ही नहीं तालिबान ने एक व्यक्ति को स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने पहले उसे पीटा और फिर फांसी पर लटका दिया। उस व्यक्ति पर हत्या में शामिल होने का आरोप था पर कोर्ट ने उसका पक्ष नहीं सुना और अपना फैसला दे दिया।

शपथ समारोह में बांग्लादेश, मालदीव, भूटान, नेपाल, मॉरिशस, सेशेल्स, श्रीलंका होंगे शामिल

*मोदी सरकार 3.0: जेपी नड्डा के निवास पर साढ़े सात घंटे तक चली बैठक के बाद भाजपा अध्यक्ष सहित कई नेता कार्यवाहक पीएम मोदी से मिले,उन्हे जानकारी दी*

# 9 को शाम 6 बजे मोदी लेंगे शपथ स्मृति व चंद्रशेखर बन सकते हैं मंत्री

रॉयल पत्रिका ⏩ नई दिल्ली

दिल्ली में राजनैतिक सरगर्मियां जोरों पर हैं। चर्चा है कि नरेंद्र मोदी कल शनिवार की बजाय परसों रविवार को शपथ लेंगे। हालांकि शपथ कार्यक्रम को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

गुरुवार को जेपी नड्डा के घर एक बार फिर बैठक हुई। शाम को मंत्रिमंडल गठन को लेकर घटक दलों के साथ तालमेल की कवायद पर नड्डा ने पीएम को अपडेट दिया। आज शुक्रवार को पहले भाजपा संसदीय दल की बैठक होगी और ⏩ शेष पेज 7 पर

*आज एनडीए गठबंधन के सभी सांसदों की बैठक में मोदी को सर्व-सम्मति से चुना जाएगा नेता*

भाजपा ने अपने सभी सीएम व डिप्टी सीएम को दिल्ली बुलाया। आज होगी परिणाम की समीक्षा मप्र के 29 सांसद दिल्ली पहुंचे

मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी की खबरों पर घटक दलों ने कहा कि हमने बिना शर्त समर्थन दिया है


फाइल फोटो

**फडणवीस ने इस्तीफे की पेशकश की**

*बुधवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में भाजपा की हार की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की इच्छा प्रकट की थी। अब महाराष्ट्र में सरकार बचाने के लिए भी दिल्ली में हाईकमान मंथन कर रहा है क्योंकि अजित पवार के कुछ विधायकों की शरद पवार से संपर्क की बात सामने आ रही है। साथ ही चर्चा है कि लोकसभा चुनाव में शिव सेना (उद्धव ठाकरे ) की बड़ी जीत के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कई विधायक भी साथ छोड़कर ठाकरे के साथ जा सकते* ⏩ शेष पेज 7 पर

**4 सांसदों पर एक मंत्री पद मिल सकता है**

सूत्रों का कहना है कि नड्डा के घर हुई बैठक में सहयोगी दलों के लिए 4 सांसदों पर एक कैबिनेट मंत्री का पद तय किया गया है। देखना यह है कि चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार इस पर राजी होते हैं या नहीं। साथ ही दो सांसदों वाले दलों को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा एक सांसद वाले घटक को एक राज्यमंत्री का पद देने का ऑफर दिया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार नायडू लोकसभा अध्यक्ष पद अपनी पार्टी के खाते में मांग रहे हैं, इसके साथ ही वित्त, सड़क, स्वास्थ्य और उद्योग जैसे मंत्रालय पर भी उनकी नजर है। भाजपा नेतृत्व उनको वित्त राज्यमंत्री की पेशकश कर सकता है क्योंकि वित्त मंत्रालय प्रधानमंत्री मोदी अपने कोटे में रखने पर अड़िग हैं। नीतीश बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा चाहते हैं और चंद्रबाबू आंध्रप्रदेश के लिए विशेष पैकज। नीतीश की इच्छा भी तीन बड़े और रसूखदार मंत्रालय पाने की है। जेडीयू ने दबाव बनाने की शुरुआत कर दी है। जेडीयू प्रवक्ता केसी त्यागी ने गुरुवार को कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर मतदाताओं का एक वर्ग नाराज है। चुनाव पर इसका असर दिखा। हमारी पार्टी चाहती है कि जिन कमियों पर जनता ने सवाल उठाए हैं उन पर विस्तार से चर्चा हो और उन्हें ⏩ शेष पेज 7 पर

# गहलोत सरकार में भर्ती हुए कर्मचारियों की जांच होगी

चुनाव खत्म होने के साथ ही राजस्थान की भजनलाल सरकार ने बड़ा निर्णय किया है। सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समय सरकारी विभागों में हुई भर्तियों की जांच करवाने का निर्णय किया है। इसके लिए कार्मिक विभाग ने उन सभी विभागों को पत्र लिखा है, जिनमें पिछले 5 साल में कर्मचारियों की भर्तियां हुई हैं। सिलेक्ट हुए अभ्यर्थियों के शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच की जाएगी। इसके लिए हर विभाग में एक इंटरनल कमेटी बनाए जाने के निर्देश दिए हैं।

कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा ने जारी किए आदेशों में लिखा है कि पिछले कुछ सालों में जो भर्तियां हुई हैं, उसमें प्रस्तुत फर्जी शैक्षणिक दस्तावेज और डमी कैंडिडेट के मामले खूब सामने आए हैं। इस तरह से कई नौकरियां लोगों ने हासिल कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए हर विभाग, जिनके यहां पिछले 5 साल में भर्तियां हुई हैं, वह अपने यहां एक इंटरनल कमेटी बनाए और सिलेक्ट अभ्यर्थियों के शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच करें।

इसके साथ ही ये भी जांच करें कि परीक्षा देने वाला और नौकरी जॉइन करने वाला व्यक्ति एक ही है। इसके लिए आवेदन पत्र, फोटो, हस्ताक्षर, शैक्षणिक दस्तावेज समेत तमाम जांच की जाए। अगर किसी अभ्यर्थी के दस्तावेज या भर्ती संबंधी सूचनाएं संदिग्ध पाई जाए तो इसकी सूचना एसओजी को दें।

2019 से 2023 तक 2.40 लाख पदों पर निकलीं भर्तियां

पिछले 5 साल में 5546 पीटीआई, 10 हजार कंप्यूटर अनुदेशक, 9760 वरिष्ठ अध्यापक, 6000 स्कूल व्याख्याता, 460 लाइब्रेरियन, 3531 सीएचओ सहित करीब 2.40 लाख पदों पर भर्तियां निकली हैं। कई भर्तियों का परिणाम आना बाकी है। 5 साल में पेपर लीक होने के प्रकरण भी काफी आए, जिनमें लाइब्रेरियन ग्रेड थर्ड, कनिष्ठ अभियंता सिविल, रीट 2021, पुलिस कॉन्स्टेबल 2021, वनरक्षक, वरिष्ठ अध्यापक ग्रुप ए, बी, सी परीक्षाओं के पेपर आउट हुए थे।

# भाजपा के 6 मंत्री-30 विधायकों के गढ़ में कांग्रेस आगे

**गहलोत की सीट पर लीड ले गए शेखावत, 23 कांग्रेसी विधायक अपने क्षेत्र में नहीं जिता पाए**

लोकसभा चुनावों में कई दिग्गजों के क्षेत्र में उलटफेर देखने को मिला। भजनलाल सरकार के छह मंत्रियों के इलाकों में बीजेपी उम्मीदवार पिछड़ गए।

कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा, खाद्य मंत्री सुमित गोदारा, गृह राज्य मंत्री जवाहर बेढम, मंत्री केके विश्नोई, गजेंद्र सिंह खींवसर, मंजू बाघमार बीजेपी को अपने ही इलाकों में जीत नहीं दिलवा पाए।

30 भाजपा विधायक भी अपने इलाकों में लीड नहीं दिला पाए।

वहीं 23 कांग्रेस विधायकों के क्षेत्र में भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार लीड ले गए। पूर्व सीएम अशोक गहलोत की सरदारपुरा सीट से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत जीते, यहां से कांग्रेस उम्मीदवार करण सिंह उचियारड़ा को कम वोट मिले।

**जयपुर शहर : सीएम भजनलाल और डिप्टी सीएम दीया की सीट पर भाजपा आगे**

सीएम भजनलाल की सीट सांगानेर में बीजेपी उम्मीदवार ने 1.08 लाख से जीत दर्ज की। यहां से भजनलाल खुद 48081 वोटों से जीते थे।

डिप्टी सीएम दीया कुमारी की विद्याधर नगर सीट पर विधानसभा चुनावों के मुकाबले मार्जिन बढ़ा। इस सीट पर विधानसभा में 71368 से जीत दर्ज की थी , अब यह मार्जिन बढ़कर 98 हजार पहुंच गया।

कांग्रेस विधायकों वाली किशनपोल और आदर्श नगर सीटों पर कांग्रेस की बढ़त बरकरार रही। वहीं बाल मुकुंदाचार्य की हवामहल सीट पर भी बीजेपी उम्मीदवार कांग्रेस से पीछे रहीं।

**जयपुर ग्रामीण : मंत्री राज्यवर्धन सिंह की सीट झोटवाड़ा को छोड़ सभी पर हारी बीजेपी**

जयपुर ग्रामीण की 8 में से 7 सीटों पर बीजेपी के राव राजेंद्र सिंह हारे। मंत्री राज्यवर्धन सिंह की सीट झोटवाड़ा पर 80 हजार के मार्जिन ने सात सीटों की हार को पाट दिया। कोटपूतली, विराटनगर, जमवारामगढ़ और बानसूर सीटों पर बीजेपी विधायक हैं। सभी के इलाकों में बीजेपी को कांग्रेस से कम वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार अनिल चोपड़ा झोटवाड़ा सीट से पीछे रहे।

**टोंक सवाईमाधोपुर : पायलट की सीट पर लीड घटी, किरोड़ी की सीट पर हारी बीजेपी**

कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की सवाईमाधोपुर सीट पर टोंक सवाईमाधोपुर से बीजेपी उम्मीदवार सुखबीर सिंह जौनपुरिया 28771 वोट से पीछे रहे, जबकि विधानसभा चुनाव में यहां से डॉ किरोड़ी 19268 वोट से जीते थे।

मीणा ने बयान दिया था कि पीएम ने उन्हें 7 सीटों की जिम्मेदारी दी है, अगर नहीं जीते तो इस्तीफा दे देंगे।

इसी तरह सचिन पायलट की टोंक सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार 4524 वोट से आगे रहे, जबकि पायलट 29 हजार वोट से जीते, वो लीड 25 हजार कम हो गई।

यहां विधानसभा की 8 सीटों में कांग्रेस और बीजेपी के पास 4-4 सीटें हैं। लोकसभा में कांग्रेस उम्मीदवार ने बीजेपी विधायकों वाली 2 सीटों के साथ कांग्रेस विधायकों वाली चार सीटों पर बढ़त बनाई।

बीजेपी उम्मीदवार सुखबीर जौनपुरिया केवल दो सीटों पर ही लीड ले सके, जिनमें एक सीट मालपुरा है, जहां से पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी विधायक हैं। दूसरी सीट निवाई है। हरीश मीणा विधानसभा में 19175 हजार से जीते उसी देवली उनियारा सीट पर खुद पर अब दो हजार की लीड रह गई।

**बीकानेर : मंत्री सुमित गोदारा के क्षेत्र में बीजेपी हारी, चार सीटों पर कांग्रेस, चार पर बीजेपी आगे**

सुमित गोदारा की लूणकरणसर सीट से बीजेपी उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री 2456 वोटों से पीछे रहे, जबकि गोदारा खुद यहां से 8859 वोटों से जीते थे।

मंत्री इस सीट पर बीजेपी को जीत नहीं दिला पाए। इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार गोविंद मेघवाल लीड लेने में कामयाब रहे। लूणकरणसर सीट पर अर्जुन मेघवाल को 62,732 और कांग्रेस उम्मीदवार को 65,188 वोट मिले। बीकानेर की आठ सीटों में से अनूपगढ़, खाजूवाला, लूणकरणसर, डूंगरगढ़ में कांग्रेस आगे रही। वहीं नोखा, बीकानेर पश्चिम, बीकानेर पूर्व, कोलायत में बीजेपी ने बढ़त बनाई।

**सीकर : डोटासरा के इलाके में इंडिया गठबंधन, मंत्री खर्रा के इलाके में बीजेपी को बढ़त**

इंडिया गठबंधन के सीपीएम उम्मीदवार अमराराम को सीकर की 8 में से 6 विधानसभा सीटों पर जीत मिली है। दो सीटों पर वे बीजेपी उम्मीदवार सुमेधानंद से पीछे रहे हैं।

यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा के क्षेत्र श्रीमाधोपुर और कांग्रेस विधायक शिखा बराला की सीट चौमू से बीजेपी उम्मीदवार ने बढ़त बनाई।



कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के क्षेत्र लक्ष्मणगढ़ में अमराराम 13 हजार से जीते जबकि खुद डोटासरा 30 हजार से जीते थे।

सीकर की 8 में से 5 सीटों पर कांग्रेस 3 पर बीजेपी विधायक हैं। खर्रा को छोड़ कोई बीजेपी विधायक अपने इलाके में बीजेपी उम्मीदवार को बढ़त नहीं दिला पाया।

**चूरू : जिस तारानगर से राठौड़ 10345 वोट से हारे, वहां झाझड़िया की हार का मार्जिन 3432 वोट**

चूरू सीट पर कांग्रेस के राहुल कस्वा 8 में से 5 सीटों पर आगे रहे। जिस तारानगर सीट से राजेंद्र राठौड़ विधानसभा चुनाव में नरेंद्र बुडानिया से 10345 वोट से हारे थे, अब वो मार्जिन कम हो गया।

इस सीट पर देवेंद्र झाझड़िया 3432 वोट से पीछे रहे। कांग्रेस विधायक पुसाराम गोदारा की तारानगर सीट से बीजेपी आगे रही।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

## नोटा का बटन बना सिर्फ दिखावा

### प्रत्याशी नहीं पसंद होने पर जनता के सामने नहीं है कोई विकल्प

अगर इसे लेकर कोई स्पष्ट नियम बन जाए कि कितने प्रतिशत लोगों के नोटा का विकल्प चुनने पर नए सिरे से चुनाव कराने होंगे, तब तो इसका महत्त्व होगा, नहीं तो यह महज दिखावे का एक बटन बना रहेगा। इसलिए अभी तक नोटा का कोई प्रभाव नजर नहीं आता।
इस बार के चुनाव में पहली बार नोटा ने लोगों का ध्यान खींचा। उसकी प्रासंगिकता पर चर्चा शुरू हो गई। इंदौर की लोकसभा सीट पर दो लाख से अधिक लोगों ने नोटा का बटन दबाया। नोटा यानी ऊपर में से किसी को नहीं। यानी जो मतदाता किसी भी प्रत्याशी को पसंद नहीं करते, वे अपना मत नोटा के रूप में दर्ज कराते हैं। इस तरह मतदान मशीन में नोटा एक तरह से स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में उपस्थित होता है। पहले की अपेक्षा इस बार कई जगहों पर नोटा को बड़ी संख्या में मत प्राप्त हुए।

**मतदाताओं को उनके मताधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता**

इंदौर में इस बटन को कुछ अधिक लोगों ने इसलिए दबाया कि पर्चा वापसी के आखिरी दिन कांग्रेस के प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस ले लिया। इससे पहले सूरत में भी कांग्रेस के एक प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस ले लिया था। तब भाजपा प्रत्याशी को निर्विरोध चुन लिया गया था। उस वक्त कहा गया था कि इस तरह मतदाताओं को उनके मताधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता, नोटा भी एक प्रत्याशी होता है।
दरअसल, नोटा का विकल्प देने के पीछे एक लंबी लड़ाई चली थी। काफी समय से मांग उठ रही थी कि अगर किसी जनप्रतिनिधि से लोग खुश नहीं हैं, तो उन्हें उसे हटाने का अधिकार मिलना चाहिए। जिस तरह प्रतिनिधि चुनने का अधिकार है, उसी तरह मतदाता को उसे हटाने का भी अधिकार मिलना चाहिए। मगर उस पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। फिर यह भी कहा गया कि बहुत सारे लोग किसी भी प्रत्याशी को पसंद नहीं करते, मगर मताधिकार का प्रयोग करते हुए उन्हें किसी न किसी को मत देना ही पड़ता है।
ऐसे में यह विकल्प भी होना चाहिए कि वे हर प्रत्याशी को नकारने का मत दे सकें। इसी मांग के तहत विकल्प के रूप में नोटा शुरू किया गया। मगर इस विकल्प का कोई निर्णायक महत्त्व नहीं है। अगर इसे लेकर कोई स्पष्ट नियम बन जाए कि कितने प्रतिशत लोगों के नोटा का विकल्प चुनने पर नए सिरे से चुनाव कराने होंगे, तब तो इसका महत्त्व होगा, नहीं तो यह महज दिखावे का एक बटन बना रहेगा। इसलिए अभी तक नोटा का कोई प्रभाव नजर नहीं आता।

# JDU-TDP साथ, कैसे लागू होगा मोदी का 100 डेज प्लान

## मुस्लिम आरक्षण, UCC, अग्निवीर पर सहमति नहीं; क्या BJP झुकेगी

फाइल : प्लान तैयार था। तीसरी बार PM बनते ही नरेंद्र मोदी कौन से बड़े फैसले लेंगे, फोकस क्या रहेगा इसके लिए वर्क प्लान रेडी था। फिर 4 जून, 2024 आया और हालात बदल गए। 400 पार तो दूर, BJP बहुमत के आंकड़े से भी दूर रह गई। NDA को बहुमत तो मिला, लेकिन साथ मिले गठबंधन के दो मजबूत साथी TDP और JDU। इनके बिना फिलहाल बहुमत नहीं है और इन्हें इस 100 दिन के प्लान में से कई चीजें मंजूर नहीं हैं। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू कई बार यूनिफॉर्म सिविल कोड, CAA-NRC, प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को खत्म करने, मुस्लिम रिजर्वेशन और वन नेशन-वन इलेक्शन पर विरोध दर्ज कराते रहे हैं। हालांकि, BJP सूत्रों के मुताबिक पार्टी, गठबंधन धर्म का पालन करेगी, लेकिन किसी की भी गैर-जरूरी मांगों के आगे नहीं झुकेगी। BJP ने प्लान-B पर भी काम शुरू कर दिया है और छोटे दलों समेत इंडिपेंडेंट कैंडिडेट से बात की जा रही है।

**सबसे पहले जानते हैं, क्या है मोदी का 100 दिन वाला एक्शन प्लान।**

**10 साल ट्रेलर देखा, पिक्चर अभी बाकी है...**

23 फरवरी, 2024 को दिल्ली में PM मोदी ने मंत्रियों से कहा था कि अगले 5 साल का रोडमैप और 100 दिनों का एक्शन प्लान बनाएं। अफसर आचार संहिता के दौरान इस पर होमवर्क करते रहे। 5 अप्रैल को राजस्थान के चूरु में एक चुनावी रैली में खुद मोदी ने कहा, '10 साल में हमने जो काम किया वो ट्रेलर था, पूरी पिक्चर अभी आनी बाकी है।'

**हमने BJP में अपने सूत्रों से इस प्लान की डीटेल हासिल की। इसके मुताबिक इन मुद्दों पर 100 दिनों में एक्शन लेने की तैयारी थी...**

1. वन नेशन-वन इलेक्शन
2. यूनिफॉर्म सिविल कोड (UCC)
3. मुस्लिम आरक्षण खत्म करना
4. प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट में बदलाव
5. दिल्ली मास्टर प्लान
6. वक्फ बोर्ड खत्म करना
7. महिला आरक्षण
8. 70 साल के बुजुर्गों के लिए मुफ्त इलाज
9. पेपर-लीक नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कानून
10. CAA का कम्प्लीट इम्प्लिमेंटेशन
11. यूनियन बजट
12. न्यू एजुकेशन पॉलिसी
13. जनगणना (2026 में परिसीमन होना है)
14. लखपति दीदी की संख्या 3 करोड़ तक ले जाना
15. PM सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
16. किसानों के लिए ऑयल सीड्स और पल्सेज पर ध्यान
17. भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना
18. रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म पर ध्यान देना
19. स्केल, स्कोप, स्पीड, स्किल के एजेंडे पर काम करना

**कौन से मुद्दे हैं, जिन पर JDU को ऐतराज है**

जेडीयू की तरफ से नीतीश कुमार ने BJP को सांसदों का समर्थन पत्र सौंप दिया है। इसके एक दिन के अंदर ही JDU प्रवक्ता केसी त्यागी ने अग्निवीर और यूनिफॉर्म सिविल कोड पर सवाल उठा दिए हैं।
केसी त्यागी ने कहा, 'अग्निवीर योजना को लेकर लोग नाराज हैं। हमारी पार्टी इस पर विस्तार से चर्चा चाहती है। UCC पर हमारा 10 साल पुराना स्टैंड है। नीतीश कुमार ने विधि आयोग को चिट्ठी लिखी थी कि इसमें सुधार होना चाहिए, लेकिन सबसे पूछकर करो।'
'हम इसके खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सभी के हितों का ख्याल रखकर रास्ता निकाला जाना चाहिए। वन नेशन-वन इलेक्शन पर हम साथ हैं। जातिगत गणना को पूरा देश मान रहा है, किसी की विरोध करने की हिम्मत नहीं है।'

**वे मुद्दे जिन पर JDU चर्चा चाहती है:**

1. वन नेशन-वन इलेक्शन
2. यूनिफॉर्म सिविल कोड
3. अग्निवीर (अग्निपथ योजना)
4. मुस्लिम आरक्षण खत्म करना
5. प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट में बदलाव
6. वक्फ बोर्ड खत्म करना
7. CAA का कम्प्लीट इम्प्लिमेंटेशन

इस सब के अलावा महिला आरक्षण के भीतर OBC और SC/ST महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था करने पर भी नीतीश की तरफ से पहल हो सकती है। JDU सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में विनिवेश का भी विरोध कर रही है।
उधर, बिहार के डिप्टी CM और BJP नेता विजय सिन्हा ने अग्निवीर पर केसी त्यागी के बयान को खारिज करते हुए कहा, 'ये कोई विषय नहीं है। विषय अब यह है कि राष्ट्र मजबूती से बढ़ना चाहिए। सामूहिक नेतृत्व मिल बैठकर काम करता है। यह कोई परिवारवादी पार्टी नहीं है।'
TDP ने साफ कहा, मुस्लिम आरक्षण को सेफगार्ड करना होगा TDP लीडर चंद्रबाबू नायडू और मोदी के रिश्ते हमेशा से अच्छे नहीं रहे हैं। 2018 में आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला, तो TDP ने BJP का साथ छोड़ दिया था। दोनों के रिश्ते इतने खराब हो गए थे कि नायडू ने मोदी को 'कट्टर आतंकवादी' तक बता दिया। TDP अविश्वास प्रस्ताव ले आई, जिसके बाद मोदी ने चंद्रबाबू नायडू को 'भ्रष्ट राजनीतिज्ञ' बता दिया।

**1. वन नेशन-वन इलेक्शन**

हम केंद्र सरकार से पहले भी कह चुके हैं कि वन नेशन-वन इलेक्शन के कॉन्सेप्ट में कोई प्रॉब्लम नहीं है। इस मुद्दे पर हम उनसे सहमत हैं। ये रास्ता न केवल देश की इकोनॉमी को बचाएगा, बल्कि सरकार और चुनाव आयोग का कीमती समय भी बच सकेगा।

**2. महिला आरक्षण में SC/ST/OBC आरक्षण**

आरक्षण के मुद्दे पर TDP हमेशा से ये सोचती रही है कि यह हर सेक्शन ऑफ सोसाइटी को बराबर मिले। पहली बार संसद में महिला आरक्षण बिल पेश किया गया, तो TDP ने उसे आगे आकर सपोर्ट किया था। किसी भी हालत में हम हमेशा समाज के हर वर्ग के साथ हैं।
NT रामाराव के समय में भी हमने SC/ST के लिए अलग से वेलफेयर हॉस्टल बनवाए। हमने महिलाओं को प्रॉपर्टी में आधा हिस्सा दिया। महिलाओं के लिए अलग से यूनिवर्सिटी बनाई। इसलिए महिला आरक्षण में SC/ST/OBC के मुद्दे पर TDP पहले भी बात करती रही है, आगे भी करेगी।

**3. मथुरा-काशी मंदिर को लेकर अप्रोच**

अयोध्या में राम मंदिर बना तो TDP ने सरकार को सपोर्ट किया था। हमारे प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने खुद अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन किए थे। उस समय भी हम दूसरी पार्टियों की तरह नहीं थे, जो न्योता मिलने पर भी वहां नहीं गए। अगर आप काशी-मथुरा पर TDP का अप्रोच जानना चाहते हैं, तो हम केवल इतना कहेंगे कि अभी दोनों जगहों के मुद्दे कोर्ट में हैं। इसलिए कानून के दायरे में जो भी फैसला आएगा, उसी को सही मानते हुए हम सरकार का साथ देंगे। जैसे अयोध्या का मसला हल हुआ, उसी कानून के तहत काशी और मथुरा के मैटर को देखना चाहिए।

**4. मुस्लिम आरक्षण खत्म करना**

हमने सरकार से मुस्लिम आरक्षण को सेफगार्ड करने के लिए बोला है। हम उसी सिलसिले में अपने गठबंधन के साथियों से आगे बात करेंगे, नेगोशिएट करेंगे और इसका हल निकालने की कोशिश करेंगे।

**5. वक्फ बोर्ड खत्म करना**

वक्फ बोर्ड या फिर मुसलमान अल्पसंख्यकों को लेकर हमारा स्टैंड बहुत क्लियर है। कोई भी धर्म के लिए कभी किसी तरह की ऊंच-नीच की भावना नहीं होनी चाहिए। अगर आने वाले समय में वक्फ बोर्ड को लेकर ऐसा फैसला होता है, तो केंद्र को सहमति देने से पहले TDP अपने ऊपरी संगठन से इस मुद्दे पर बातचीत करेगी। इसका हल सरकार को सुझाया जाएगा।

**6. प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को खत्म करना**

TDP अब NDA अलायंस की क्रूशियल पार्टनर हैं। हम 1990 में भी उनके साथ थे, 2014 में भी हमने साथ चुनाव लड़ा और अब 2024 में फिर से हम एक साथ हैं। हम वो पार्टी हैं जो हर धर्म को एक तरह की इंपॉर्टेंस देते हैं।
अगर प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट में आगे कुछ बदलाव होता है, या फिर इस एक्ट को बिल्कुल रिजेक्ट करते हैं, तो इस तरह के नेशनल मुद्दों पर TDP हमेशा पहले सरकार से ठोस बातचीत करेगी। अगर बात सभी धर्मों के लिए बराबर होगी, तो हम जरूर इस पर अमल करेंगे।

**7. यूनिफॉर्म सिविल कोड**

चाहे NRC हो या UCC, दोनों केस में TDP ने अब तक कोई स्टैंड नहीं लिया है। अभी इन मुद्दों को लेकर पार्टी में इंटरनल डिस्कशन नहीं हुआ है। जब हमारे पॉलिटिकल ब्यूरो, सभी कमेटियां और सभी सांसद इस पर बात कर लेंगे, तभी कोई डिसीजन लिया जाएगा।
JD(U) नेता केसी त्यागी ने भी कहा है कि UCC पर हमारा रुख नहीं बदला है। पहले इस पर व्यापक विमर्श होना चाहिए।

8. CAA का कम्प्लीट इम्प्लिमेंटेशन

CAA जैसे बड़े राष्ट्रीय मुद्दे को TDP गंभीरता से लेती है। जब तक ये कानून किसी वर्ग को नुकसान नहीं पहुंचाता, तब तक हम इसके अमल पर राजी हैं। अगर आने वाले वक्त में केंद्र सरकार इसमें किसी बड़े बदलाव के बारे में सोचती है, या इस एक्ट पर कोई सलाह लेती है, तो TDP अपनी तरफ से हमेशा हल निकालने में मदद करेगी।

**अब डीटेल में जानिए, क्या है मोदी का 100 दिन वाला प्लान**

'चुनाव से एक महीने पहले मैंने 5 साल का प्लान बनवाया और उसमे से 100 दिन का प्लान निकालने को कहा। इस पर प्रायोरिटी के हिसाब से काम होगा। प्लान में मैंने 25 दिन और जोड़ दिए हैं। देशभर के युवा रोडमैप पर सुझाव दे रहे हैं। मैंने तय किया है कि 100 दिनों के अलावा 25 दिन युवाओं के सुझाव पर अमल के होंगे।'
20 मई को दिए एक इंटरव्यू में PM ने ये बात कही थी। लोकसभा चुनाव से पहले ही प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया था कि वे नई सरकार के अगले 100 दिनों के प्लान पर काम कर रहे हैं। 100 दिन के एजेंडे में एग्रीकल्चर, फाइनेंस, डिफेंस में जरूरी सुधार और जल्द पूरे किए जाने वाले प्रोजेक्ट भी शामिल हैं। सरकार के टॉप एजेंडे में शामिल सुधारों में सेना में थिएटर कमांड तैयार करना भी है।
सूत्रों ने बताया है कि एक्शन प्लान में पहले 100 से ज्यादा टारगेट और प्रपोजल थे, इन्हें घटाकर करीब 50 कर दिया है। सरकार ने अपनी प्रायोरिटी की तीन कैटेगरी A, B और C बनाई है। A कैटेगरी के टारगेट सबसे ज्यादा प्रायोरिटी वाले हैं, प्रधानमंत्री शपथ लेने के बाद ही इन पर काम शुरू कर देंगे। B कैटेगरी के प्रपोजल का ऐलान कुछ दिन में केंद्रीय मंत्री करेंगे।
C कैटेगरी के लॉन्ग टर्म टारगेट रखे गए हैं। इन्हें अगले 2-3 साल में पूरा करने का टारगेट रखा गया है। इनमें चिप और सेमीकंडक्टर पर फोकस करना, बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस टेक्नीक पर काम करना, ई-मोबिलिटी और एनर्जी ट्रांसफॉर्मेशन पर जोर देना और रेलवे में बड़े इन्वेस्टमेंट करना शामिल है।

**अब जानिए किस मिनिस्ट्री के पास क्या प्लान है**

1. मिनिस्ट्री ऑफ रूरल डिपार्टमेंट: जमीन का रिकॉर्ड डिजिटल करना

सूत्रों के मुताबिक, 100 दिन के एक्शन प्लान में भूमि सुधार को तवज्जो दी गई है। इसमें जमीन का रिकॉर्ड डिजिटल किया जाएगा। सरकार इसके लिए 1,035 करोड़ रुपए अलॉट कर सकती है।
सरकार 2026 के आखिर तक सभी लैंड रिकॉर्ड्स डिजिटल करना चाहती है, ताकि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को व्यवस्थित कर सके। इससे डेवलपमेंट प्रोजेक्ट तेज गति से आगे बढ़ाए जा सकेंगे। नई सरकार के पहले बजट में इसकी घोषणा की जा सकती है।

2. फाइनेंस मिनिस्ट्री: लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स 20% से 10% करना

लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स 20% से घटाकर 10% करना भी सरकार के प्लान का हिस्सा है। सूत्रों के मुताबिक, इससे प्रॉपर्टी की खरीद-बिक्री फेयर होगी और काले धन पर रोक लगेगी।

3. रेल मिनिस्ट्री: ट्रेन में सफर करने वालों को जल्दी रिफंड, सुपर ऐप बनेगा

रेल यात्रियों के लिए 24 घंटे में रिफंड की प्लानिंग की जा रही है। अभी टिकट कैंसिल करने पर रिफंड मिलने में कम से कम तीन दिन लगते हैं। इसके अलावा रेलवे टिकटिंग और ट्रेन ट्रैकिंग सहित दूसरी सर्विस के लिए 'सुपर ऐप' लॉन्च करने की योजना बन रही है। रेलवे ने पहले 100 दिनों के दौरान यात्रियों के लिए PM रेल यात्री बीमा योजना शुरू करने का प्लान किया है। इसके अलावा 40,900 किमी लंबे 3 मल्टी-मॉडल इकोनॉमिक कॉरिडोर के लिए कैबिनेट की मंजूरी हासिल करने का टारगेट तय किया है। सूत्रों के मुताबिक इसके लिए 11 लाख करोड़ रुपए की जरूरत होगी।
उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक प्रोजेक्ट पूरा होने के साथ जम्मू से कश्मीर तक ट्रेनें चलाने की योजना है। रेलवे तमिलनाडु में बन रहे भारत के पहले वर्टिकल-लिफ्ट ब्रिज को भी ऑपरेशनल करना चाहता है। इस पुल के जरिए रामेश्वरम तमिलनाडु के बाकी हिस्सों से जुड़ जाएगा। 1913 में बना मौजूदा पुल खराब हालत में है, इसलिए दिसंबर 2022 से ही मंडपम और रामेश्वरम के बीच ट्रेनें बंद हैं।
सूत्रों के मुताबिक, वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें शुरू करने की योजना पर काम चल रहा है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का पहला प्रोटोटाइप बेंगलुरु में BEML बना रहा है। ये 6 महीने में तैयार होने की उम्मीद है। रेलवे का मकसद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में तेजी लाना भी है। 508 किमी लंबे अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन सेक्शन में से लगभग 320 किमी हिस्से को अप्रैल 2029 तक ऑपरेशनल करने की योजना है।

4. ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री: हाईवे पर एक्सीडेंट में घायल होने वालों के लिए कैशलेस इलाज

हाईवे मिनिस्ट्री ने एक्सीडेंट में घायल होने वालों के कैशलेस इलाज की योजना शुरू करने का प्लान बनाया है। इसके अलावा एक्सीडेंट के ज्यादा खतरे वाले पॉइंट दुरुस्त किए जाएंगे।
2047 तक के वर्क प्लान पर भी काम चल रहा है। सरकार का फोकस एक्सप्रेस-वे नेटवर्क बढ़ाने पर है। इसलिए 15,000 किमी कंट्रोल्ड एक्सेस हाईवे बनाने का प्लान है।

5. सिविल एविएशन मिनिस्ट्री: 4 नए एयरपोर्ट का उद्घाटन

सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने पहले 100 दिन में 4 नए एयरपोर्ट शुरू करने की योजना बनाई है।

6. मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स: 10 नए शहर बसाने का प्लान

सरकार ने देशभर में 10 नए शहर बसाने का प्लान बनाया है। सूत्रों के मुताबिक, नए शहरों से मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर को बढ़ावा देने की योजना है। इस प्रोजेक्ट के लिए करीब 1.2 बिलियन डॉलर के शुरुआती फंड की जरूरत होगी।
इसके अलावा मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स ने शहरों में रह रहे गरीब तबके के लोगों को घर देने का प्लान बनाया है। शहरी आजीविका मिशन के दूसरे फेज में होम लोन के लिए ब्याज पर सब्सिडी स्कीम शुरू करने की तैयारी हो रही है। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को भी बढ़ावा मिलेगा।

7. मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स: ई-कॉमर्स पॉलिसी लाने पर फोकस

मिनिस्ट्री ई-कॉमर्स पॉलिसी लाने और यूके-ओमान के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करने पर काम करेगी।

8. मिनिस्ट्री ऑफ कोल: कोयला ब्लॉक की नीलामी और नई माइंस शुरू होंगी

कोयला मंत्रालय में कोल गैसिफिकेशन प्रोजेक्ट बढ़ाने, कोकिंग कोयला ब्लॉक की नीलामी और नई माइंस शुरू करने के प्लान पर काम होगा।

# 12 जून से अमरावती आंध्र की आधिकारिक राजधानी होगी

बीते 2 जून से आंध्र प्रदेश बिना आधिकारिक पूर्ण राजधानी के ही काम रहा है, लेकिन 12 जून से राज्य को पहली आधिकारिक राजधानी मिल जाएगी। हैदराबाद से करीब 510 किमी दूर बसी अमरावती ही आंध्र की नई राजधानी होगी।

यहीं तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) चीफ चंद्रबाबू नायडू चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इसे राजधानी बनाने में अब तक करीब 25 हजार करोड़ खर्च हो चुके हैं।

2034 तक कुल एक लाख करोड़ खर्च होने हैं। TDP की राष्ट्रीय प्रवक्ता ज्योत्सना के मुताबिक इसी कार्यक्रम के साथ अमरावती राजधानी के रूप में काम करने लगेगी।

ज्योत्सना के मुताबिक अमरावती में शपथ के पीछे यही मैसेज देना चाहते हैं कि अब से सरकार अमरावती से ही चलेगी। सबसे पहले सरकारी कर्मचारियों, विधायक, एमएलसी के घर बनाए जाएंगे।

अमरावती को आधिकारिक राजधानी बनाने की घोषणा चंद्रबाबू नायडू की सरकार के दौरान 2014 में ही हो गई थी, लेकिन 2019 में जगन के CM बनने के बाद यहां काम रोक दिया गया था।

### केजरीवाल के आवास पर पार्टी विधायकों और वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद राय ने कहा

# सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था आप और कांग्रेस का गठबंधन : गोपाल राय

रॉयल पत्रिका ▶▶ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस के साथ उनकी पार्टी का गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था और उन्होंने संकेत दिया कि सत्तारूढ़ पार्टी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में अकेले ही चुनाव मैदान में उतरेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर पार्टी विधायकों और वरिष्ठ नेताओं की बैठक के बाद राय ने पत्रकारों से कहा कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 'इंडिया' को पूरा समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए था। कई दलों ने मिलकर चुनाव लड़ा था और 'आप' भी इसका हिस्सा थी। फिलहाल दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कोई गठबंधन नहीं हुआ है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव में 'आप'-कांग्रेस गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिली, जबकि भाजपा ने रिकॉर्ड तीसरी बार सभी सात संसदीय सीट पर जीत का परचम लहरा दिया।

## दिल्ली में हार के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने की समीक्षा बैठक, कन्हैया व आप से गठजोड़ पर दिखी नाराजगी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों में एक बार फिर बुरी तरह मात खा चुकी कांग्रेस ने अपनी हार के कारणों को जानने की कोशिश शुरू की है। इसी कड़ी में गुरुवार को प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया व प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में हार को लेकर चर्चा और भविष्य की रणनीति पर चर्चा हुई। सूत्रों की मानें तो बैठक में एक बार फिर यह मुद्दा उठा कि लोकसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी से गठबंधन व उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से कन्हैया कुमार को टिकट देना कांग्रेस को भारी पड़ा है। बैठक में गठबंधन के तहत कांग्रेस व आप के सभी सातों उम्मीदवारों की बुरी तरह हुई पर मंथन हुआ। भविष्य की रणनीति के तहत बैठक में कई नेताओं ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को अकेले चुनाव लड़ना चाहिए। बैठक में प्रभारी बावरिया ने इस मुद्दे पर कहा कि हार के कई अन्य कारण भी हो सकते हैं जिन्हें हम गंभीरता से तलाश रहे है। आने वाले दिनों में प्रदेश कांग्रेस दिल्ली में हार को लेकर पूरी रिपोर्ट आला कमान को भेजेगी। प्रदेश अध्यक्ष यादव ने बैठक में कहा कि कार्यकर्ताओं ने खुब मेहनत की है बावजूद इसके सफलता नहीं मिलना गंभीरता से मंथन का विषय है। यादव ने बैठक में कहा कि आगामी चुनावों से पहले हमें संगठन को और अधिक मजबूत बनाने



पर जोर देना होगा जिसके लिए प्रत्येक बूथ पर अपने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर पार्टी की विचारधारा और क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को लोगों में पहचान बनाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपनी पहचान बनाकर लोगों को बताना होगा कि कांग्रेस पार्टी ही उनके भविष्य में काम आएगी क्योंकि कांग्रेस की दिल्ली सरकार ने 15 वर्षों के शासन में दिल्ली का जो विकास किया था वह 2014 के बाद लगभग रुक गया है। यादव ने कहा कि भाजपा ने 2014, 2019 और 2024 में लगातार दिल्ली में एक को छोड़कर मौजूदा सांसदों को टिकट इसलिए नहीं दिया क्योंकि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में सिर्फ खोखले, बेबुनियाद और अधूरे वायदे करके जनता को गुमराह किया। उन्होंने कहा कि जिला व ब्लाक अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर हर बूथ पर सक्रियता के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरी दिल्ली में महंगाई, बेरोजगारी, भाजपा सरकार की 10 साल की नाकामी व गलत नीतियों को उजागर करेंगे।

# UP, MP और झारखंड में हीटवेव की आशंका

### राजस्थान में धूल भरी आंधी चलने का अलर्ट; बिहार, ओडिशा, प. बंगाल में उमस रहेगी




देश के दक्षिण भाग को मानसून ने कवर लिया है। 6 जून को मानसून महाराष्ट्र में दाखिल हो गया। इसके साथ ही आधे तेलंगाना और लगभग पूरे आंध्र प्रदेश को मानसून ने कवर कर लिया। भारी बारिश के चलते तमिलनाडु के कई इलाकों में पानी भर गया है। पूर्वोत्तर राज्यों में भी मानसूनी बारिश हो रही है।
वहीं उत्तरी भारत में गर्मी का कहर जारी है। मौसम विभाग ने आज उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश और झारखंड के अलग-अलग स्थानों में हीटवेव चलने का अनुमान जताया है। राजस्थान में धूलभरी आंधी चलने का अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल में उमस रहेगी।
गुरुवार को राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और छत्तीसगढ़ की 31 जगहों का तापमान 42 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश के उरई में सबसे ज्यादा 45.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। शाम को दिल्ली का तापमान 44 डिग्री से 3 डिग्री कम होकर 41.2 डिग्री हो गया।

## गहलोत के बेटे वैभव को लेकर पायलट बोले- पिछली बार भी नहीं जीते पाए, अगली बार और मेहनत करेंग

जयपुर वैभव गहलोत को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का बयान सोशल मीडिया पर काफी चर्चाओं में है। गुरुवार को अपनी विधानसभा टोंक पहुंचे पायलट से जब मीडिया ने वैभव गहलोत को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा, वैसे तो हम कई सीटें नहीं जीत पाए। वैभव गहलोत पिछला चुनाव भी हार गए थे, इस बार भी वे नहीं जीत पाए। लेकिन अगली बार और मेहनत करेंगे कहीं और से जीत जाएंगे। पायलट का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उनके बयान को गहलोत पर तंज के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, वैभव गहलोत 2019 के लोकसभा चुनावों में अपने गृह जिले जोधपुर से चुनाव हार गए थे। इसके बाद 2024 के लोकसभा चुनावों में उनकी सीट बदली गई और उन्हें जालौर से टिकट दिया गया। वैभव की हार को लेकर पायलट के बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं। उनके बयान को इस मायने में तंज के रूप में देखा जा रहा है कि वैभव गहलोत अगली बार फिर से अपनी सीट बदलेंगे। गौरतलब है कि सचिन पायलट इस बार लोकसभा चुनावों में वैभव गहलोत के लिए प्रचार करने नहीं पहुंचे। जब मीडिया में इसे लेकर उनसे सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा था कि मुझे बुलाया नहीं गया। इस पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था, यह अनावश्यक मुद्दा बनता है या कई बार बनाया जाता है। चुनाव के वक्त किसी को ऐसे कमेंट नहीं करने चाहिए। ऐसी बेवकूफी भी नहीं करनी चाहिए कि मुझे बुलाया नहीं गया। मैं गया नहीं। इसका ऐसा कोई मतलब नहीं होता है। वो बयान भी नहीं देना चाहिए था। उस बयान की जरूरत नहीं थी।

# राजस्थान में 11 सीटों पर क्यों हारी बीजेपी ? आलाकमान ने मंगवा ली रिपोट





जयपुर

राजस्थान में पीएम मोदी की आशा के अनुरूप बीजेपी प्रदर्शन नहीं कर पाई। लोकसभा चुनाव के रिजल्ट में बीजेपी को बड़ा नुकसान हुआ हैं। वहीं कांग्रेस ने इस चुनाव में अपनी अच्छी बढ़त बनाई है। राजस्थान में बीजेपी को हुए नुकसान को लेकर पार्टी चिंतित है। इसको लेकर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से रिपोर्ट मांगी है। जिसे राजस्थान की 11 लोकसभा सीट वाइज हार के कारणों और विभिन्न आंकड़ों के साथ तैयार कर लिया गया हैं। अब इस रिपोर्ट को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार रात दिल्ली पहुंच गए। जहां इस रिपोर्ट को लेकर मुख्यमंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर रहे है। इस मुलाकात में मुख्यमंत्री भजनलाल राजस्थान बीजेपी की हार की समीक्षा करेंगे। इस लोक सभा चुनाव में बीजेपी का मिशन 25 अभियान अधूरा रह गया। बीजेपी को 25 में से केवल 14 ही लोकसभा सीटों पर जीत मिली हैं, दूसरी ओर कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए इंडिया गठबंधन के साथ 11 सीटों पर कब्जा बनाया। इस दौरान बीजेपी को पिछले दो लोकसभा चुनाव के मुकाबले 11 सीटों का नुकसान हुआ हैं। इसको लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल ने हारने वाली प्रत्येक लोकसभा सीट वाइज विभिन्न आंकड़े और हार के कारणों की रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट को राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने पेश किया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भजनलाल के बीच चुनाव के रिजल्ट को लेकर विचार विमर्श भी होगा। कयास है कि बीजेपी के केंद्रीय नेता अमित शाह से भी भजन लाल की मुलाकात हो सकती है।

### बीजेपी संगठन में बड़े बदलाव के होने के कयास तेज

राजस्थान में मिशन 25 के मुकाबले 11 सीटों की हार से बीजेपी में निराशा के बादल है। इस स्थिति में अब सियासी चर्चा है कि बीजेपी केंद्रीय नेतृत्व राजस्थान में नेताओं की जिम्मेदारी तय करते हुए संगठन में बड़े बदलाव कर सकता है। माना जा रहा है कि बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के पद में भी बदलाव हो सकता है। इसके अलावा बीजेपी के कई नेताओं की लोकसभा चुनाव में बेरूखी नजर आई हैं, वही आपसी गुटबाजी के कारण भी बीजेपी को यह नुकसान उठाना पड़ा है। इसको लेकर संभावना जताई जा रही है कि बीजेपी के कुछ बड़े नेताओं पर भी गाज गिर सकती है।

### हार की समीक्षा के बाद क्या बीजेपी में जिम्मेदारी होगी तय?

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में 11 सीटें जीतकर बीजेपी को तगड़ा झटका दिया हैं। बीजेपी इस सदमे से उबर की कोशिश कर रही है। इधर, राष्ट्रीय अध्यक्ष की ओर से राजस्थान की हार को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल से मांगी गई। रिपोर्ट को लेकर सियासी हलकों में हलचल तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि इस रिपोर्ट के बाद बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व राजस्थान में 11 सीटों की हार को लेकर बीजेपी के नेताओं की जिम्मेदारी तय कर सकता हैं। इसको लेकर राजनीतिक जानकार कई कयास लगा रहे हैं।

## भाजपा का डबल इंजन फेल हो गया, कांग्रेस ने कई राज्यों में बेहतर प्रदर्शन किया: पायलट



जयपुर।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस और आइएनडीआइए ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भाजपा का डबल इंजन फेल कर दिया । कांग्रेस ने कई राज्यों में बेहतर प्रदर्शन किया है। पायलट ने गुरुवार को राजस्थान के टोंक में कहा कि जनता ने भाजपा और एनडीए के खिलाफ मतदान किया है। चार सौ पर का नारा देने वाली भाजपा 303 सीट भी नहीं ला सकी है । 240 पर सिमट गई। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व पीएम स्व.राजीव गांधी की तरह नैतिकता दिखाएं। 1984 में कांग्रेस की चार सौ से ज्यादा सीटें आईं थीं। राजीव पीएम थे। 1989 में ये सीटें घटकर दो सौ रह गईं थीं, फिर भी सबसे ज्यादा सीटें कांग्रेस को मिली थीं। राष्ट्रपति ने कांग्रेस को सरकार बनाने के लिए कहा था, लेकिन राजीव ने जनादेश का सम्मान किया। राजीव ने राष्ट्रपति से कहा कि जनादेश कांग्रेस के खिलाफ है । ऐसे में आप अन्य को सरकार बनाने के लिए कहें।

# जलदाय स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग पर कांग्रेस का विरोध प्रर्दशन

**-जल आपूर्ति को लेकर आर आर तिवाड़ी ने अधिशाषी अभियंता को दिया ज्ञापन**

**-हवामहल विधान सभा क्षेत्र में जल की समस्याओं को लेकर अधिशाषी अभियंता को बताई पीड़ा**

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। प्रदेश में भीषण गर्मी को चलते पानी बिजली की समस्या मूल समस्या है।इसकी आपूर्ति के लिए। प्रदेश के सीएम भजन लाल शर्मा ने भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए,ताकि जल बिजली की आपूर्ति समय पर कर सके। वहीं कांग्रेस के जयपुर शहर अध्यक्ष आर आर तिवाड़ी ने पानी की मूलभूत समस्याओं को लेकर फिर से मैदान में उतरने को मजबूर हुए। जल की आपूर्ति व्यवस्थित करने के लिए अधिशाषी अधिकारी जे.एस.डी कटारा से मुलाकात कर वर्तमान समय में जयपुर शहर में भीषण गर्मी होने के कारण पानी की खपत अधिक बढ़ने तथा विभाग द्वारा आपूर्ति कम होने से तथा क्षेत्र में पानी की आपूर्ति कम प्रेशर से जाने के कारण आम जन को आवश्यकता अनुसार पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है। एवं सप्लाई का समय भी विभाग द्वारा कटौती कर कम कर दिया गया है। जिससे विधानसभा क्षेत्र हवामहल में पानी आम जन तक नहीं पहुंच पा रहा है, स्थिति यहां तक है कि पीने का पानी भी पर्याप्त मात्रा में नलों के माध्यम से घरों पर नहीं आ पा रहा है। ज्ञापन देकर कहा पानी का प्रेशर एवं सप्लाई समय को बढ़ाया जावे व जिससे आमजन को होने वाली समस्या से राहत मिल सके एवं जिन क्षेत्रों में पानी टैंकरों से सप्लाई हो रहा है वहां पर भी टैंकर की संख्या बढ़ाने का आदेश देवे। वही विरोध प्रर्दशन में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई, जहां दिल्ली रोड़ स्थित सड़वा,मानबाग,और ब्रह्मपुरी इलाके की महिलाओ ने मटके फोड़ कर विरोध प्रर्दशन किया। प्रर्दशन में कांग्रेस के हवामहल ब्लॉक अध्यक्ष जावेद सेठी,पार्षद भूपेंद्र मीणा,पार्षद सलमान,नावेद,सरताज, श्लेष,अरुण,सहित कई कार्यकर्ता समेत पदाधिकारी मौजूद रहे।





## बीजेपी के 'बाबा' दे रहे हैं इस्तीफा? अब बढ़ सकती है सीएम भजनलाल की मुश्किलें



जयपुर

राजस्थान में लोकसभा चुनाव परिणामों को लेकर बीजेपी सदमे में है। दो बार कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर चुकी बीजेपी को इस बार केवल 14 सीटों पर संतोष करना पड़ा। इधर, कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के इस्तीफा देने के बयान को लेकर सियासत में हलचल मची हुई है। कांग्रेस किरोड़ी लाल मीणा को लगातार इस्तीफा देने के लिए उकसा रही है। इस बीच सियासी गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है कि क्या किरोड़ी लाल मीणा के इस्तीफे से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मुसीबतें बढ़ सकगी? चर्चा है कि मुख्यमंत्री पर भी राजस्थान की 11 सीटों पर मिली हार के कारण किरोड़ी के इस्तीफे से दबाव बढ़ सकता है। इसको लेकर राजनीतिक पारे में हलचल मची हुई है।

### किरोड़ी का इस्तीफा मुख्यमंत्री पर भी बनाएगा दबाव?

कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने अपने बयान से सियासत में हलचल मचा रखी है। उन्होंने गत दिनों कहा कि पीएम मोदी ने उन्हें 11 लोकसभा सीटों की जिम्मेदारी सौंपी थी। इनमें सात लोकसभा सीटों को लेकर उन्होंने कहा कि यदि इनमें से एक भी लोकसभा सीट हारे तो वह अपना इस्तीफा देंगे। इस दौरान चुनाव परिणाम में किरोड़ी लाल मीणा की ओर से बताई गई 7 सीटों में से लगभग सभी सीटों पर बीजेपी की हार हुई है। ऐसे में अब सियासत में इस बात की चर्चा है कि क्या किरोड़ी लाल मीणा अपना इस्तीफा देंगे या नहीं? यदि किरोड़ी लाल ने अपना इस्तीफा दिया, तो क्या नैतिकता के नाते मुख्यमंत्री भजनलाल पर भी दबाव बढ़ेगा? क्या मुख्यमंत्री भजनलाल भी अपने इस्तीफे की पेशकश करेंगे? इसको लेकर जमकर चर्चा है। राजस्थान में बीजेपी पीएम नरेंद्र मोदी की आशा के अनुरूप रिजल्ट नहीं दे पाई। पीएम मोदी ने राजस्थान के लिए मिशन 25 टारगेट दिया था, लेकिन बीजेपी 14 सीटों पर ही सिमट कर रह गई। इस बीच किरोड़ी लाल मीणा के इस्तीफे के बयान ने बीजेपी की सियासत में खलबली मचा रखी है। कयास हैं कि यदि किरोड़ी लाल मीणा अपना इस्तीफा देंगे, तो अन्य लोकसभा सीटों पर खराब प्रदर्शन के चलते भजनलाल सरकार के अन्य मंत्रियों पर भी नैतिकता के आधार पर दबाव बढ़ सकता है। उधर, कांग्रेस लगातार खराब प्रदर्शन को लेकर किरोड़ी लाल मीणा को अपना इस्तीफा देने के लिए उकसा रही है। राजस्थान की सियासत में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गृह जिले भरतपुर लोकसभा क्षेत्र में बीजेपी की हार को लेकर काफी चर्चा है। इसको लेकर कांग्रेस सीएम भजनलाल पर दबाव बना रही है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 2024 में भाजपा के वोटिंग प्रतिशत में भी 9.23 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि कांग्रेस ने अपने वोट शेयर में 3.67 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की। इस दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान में 89 चुनावी रैली भी की है।

## हार के एक नहीं कई कारण, टिकट वितरण में गलतियों सहित कई कारण, कोशिश रहेगी किरोड़ी मंत्रिमण्डल में बने रहेः मंत्री खर्रा

जयपुर

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा का कहना है कि राजस्थान में लोकसभा चुनाव में बीजेपी के 11 सीटें हारने का एक नहीं, कई कारण हैं। उन्होंने कहा कि 400 पार के नारे को लेकर कांग्रेस ने जो भ्रम फैलाया, उसे हम दूर नहीं कर पाए। इसके साथ ही किसान आंदोलन, टिकट वितरण में हुई गलतियों सहित कई कारण है। इसके चलते बीजेपी प्रदेश में 11 सीटें हार गई। जब उनसे पूछा गया कि प्रदेश बीजेपी में वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी, जैसे वसुंधरा राजे भी क्या, हार का एक कारण है तो उन्होंने इससे इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा- इसमें सारी बातें आ गई हैं। इसके साथ ही राहुल कस्वां का टिकट कटना भी क्या हार का कारण है, इस सवाल को भी मंत्री खर्रा ने नहीं नकारा। उन्होंने कहा कि मैंने आपको बता दिया है कि एक नहीं बहुत सारे कारण थे।

# दो बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

जयपुर । जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-2 में ग्राम षिस्यावास हल्का अखेपुरा तहसील आमेर में करीब 02 बीघा जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि-आम रास्तें को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्त महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-02 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम षिस्यावास हल्का अखेपुरा तहसील आमेर, जिला जयपुर के खसरा नं. 560, 561, 563 जेडीए स्वामित्व की करीब 02 बीघा सरकारी भूमि-आम रास्तें पर कब्जा-अतिक्रमण कर बैरीकेड़, टीनषेड़ लगाकर लकडी की छड़ियां, पत्थर मलवा डालकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था। जिससे स्थानीय लोगो आमजन को रास्तें को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी षिकायत प्राप्त होने पर अतिक्रमणकर्ता को अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया था परन्तु अतिक्रमणकर्ता द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर आज जोन-02 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-02, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## राजस्थान उच्च न्यायालय की ओर आधी सडक का ट्रेफिक 6 जून की मध्यमरात्रि से किया जायेगा बंद

जयपुर । जयपुर विकास प्राधिकरण के राजस्थान उच्च न्यायालय के सामने अण्डरग्राउण्ड पार्किंग के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट को तीव्रगति से पूर्ण करने हेतु माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के गेटं. 1 से गेट नं 3 के मध्य माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय की ओर आधी सडक को बन्द कर कार्य किया जायेगा। यह ट्रैफिक व्यवस्था गुरूवार, 06 जून 2024 की मध्यरात्रि से प्रारम्भ की जायेगी।

जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि वर्तमान में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय के सामने अण्डरग्राउण्ड पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस कार्य के अन्तर्गत-रामबाग गोल्फ क्लब में मौजूदा पार्किंग क्षेत्र में 02 स्तरीय भूमिगत पार्किंग का लगभग 10000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्माण किया जा रहा है। उक्त पार्किंग में लगभग 500 चौपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी।

उक्त पार्किंग से राजस्थान उच्च न्यायालय के गेट नं. 2 की ओर जाने हेतु पैदल यात्री सब-वे का निर्माण भी किया जावेगा।

# बेनीवाल बोले-इंडिया गठबंधन की बैठक में मुझे नहीं बुलाया

**मैंने पूछा तो बोले- आप छोटे दल हैं; पायलट ने कहा- वैभव दोनों बार नहीं जीत पाए, हम मेहनत करेंगे**

राजस्थान में लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आने के साथ ही सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने इंडिया गठबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं, दूसरी तरफ वैभव गहलोत की हार पर सचिन पायलट ने कहा- वैभव पिछली बार भी नहीं जीत पाए थे, इस बार भी नहीं जीत पाए। हम और मेहनत करेंगे और अगली बार किसी और सीट से वैभव गहलोत जीतेंगे।

सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा कि इंडिया गठबंधन की 1 और 4 तारीख को दिल्ली में मीटिंग हुई थी। लेकिन मुझे नहीं बुलाया गया। जब मैंने इस बारे में पूछा तो कहा गया कि आप छोटे दल हैं, इसलिए नहीं बुलाया। यह मेरा अपमान है। प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष या दूसरे नेताओं ने यह तक नहीं कहा कि राजस्थान की कांग्रेस की जीत में हनुमान बेनीवाल का बड़ा योगदान है। जबकि मैं ये लगातार कह रहा था कि मुझे जो 3 लाख वोट मिले हैं, वे कांग्रेस के साथ गठबंधन के कारण मिले हैं।

सच यह भी है कि आरएलपी की वजह से कांग्रेस को 20 लाख से अधिक वोट मिले हैं। अगर गठबंधन पहले हो जाता। नेता रोड़े नहीं अटकाते तो कांग्रेस की सीटें और बढ़ सकती थीं। लेकिन इस सब के बावजूद में भाजपा के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहूंगा।



**अलग भील प्रदेश बनाए सरकार - रोत**

बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा क्षेत्र से जीत हासिल करने वाले सांसद राजकुमार रोत ने कहा- ग्रामीण इलाकों में शिक्षा का काम ठप सा है। विकास थमा हुआ है। इसका समाधान सिर्फ भील प्रदेश है। उन्होंने कहा कि मैं और मेरी पार्टी भील प्रदेश की डिमांड लंबे समय से करते आ रहे हैं। अब मैं भील प्रदेश की डिमांड को संसद में उठाऊंगा। सबको विश्वास और सबको साथ में लेकर भील प्रदेश बनाएंगे।

उन्होंने कहा- पूर्व की पार्टियां इस क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं नहीं दे पाईं। आरक्षण की पॉलिसी, संविधान के प्रावधान, शिक्षा, स्वास्थ्य, इन क्षेत्र में किसी प्रकार का काम नहीं किया। सिर्फ आदिवासी जनता को बेवकूफ बनाने का काम किया गया। रोजगार के लिए लोग गुजरात पलायन करते हैं, उसे भी रोकने का काम करेंगे।

**अगली बार दूसरी सीट से जीतेंगे**

**वैभव - सचिन**

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने गुरुवार को कहा- टिकट कांग्रेस पार्टी देती है। सिफारिश जरूर एक नेता की होती है, लेकिन टिकट मिलने के बाद सभी ने मेहनत की और रिजल्ट अच्छा आया है। भाजपा के 370 व एनडीए गठबंधन को 400 पार देने के दावे किए थे। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेताओं के दावों और अहंकार को हराकर इंडिया गठबंधन पर विश्वास जताया है।

उन्होंने पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत की हार पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारे कुछ लोग हारे हैं। वैभव पिछली बार भी नहीं जीत पाए थे, इस बार भी नहीं जीत पाए। हम और मेहनत करेंगे और अगली बार किसी और सीट से वैभव गहलोत जीतेंगे।

# जयपुर समेत 3 जिलों में देर रात आया अंधड़

**कई इलाकों में बिजली गुल, गंगानगर-हनुमानगढ़ में 40KM प्रति घंटा की स्पीड से चली हवा**

राजस्थान में गुरुवार देर रात अचानक मौसम पलट गया। जयपुर, सीकर, अलवर में अंधड़ आया। अंधड़ के चलते कई इलाकों की बिजली गुल हो गई। गर्मी से परेशान लोगों को इससे राहत मिली। उत्तर भारत में एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के प्रभाव से मौसम में ये बदलाव आया।

मौसम विभाग ने 16 जिलों में दोपहर बाद बादल छाने के साथ कहीं-कहीं आंधी चलने की संभावना जताई थी। इससे पहले बीती रात गंगानगर, हनुमानगढ़ के एरिया में 40KM प्रति घंटा की स्पीड से धूल भरी आंधी चली और कई जगह गरज-चमक के साथ बारिश हुई।

उत्तरी राजस्थान में रात करीब 8 बजे बाद मौसम में बदलाव हुआ और धूल भरी हवा चली थी। गंगानगर के अधिकांश और हनुमानगढ़ के कुछ हिस्सों में बादल छाने के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। इससे पहले दिन में गंगानगर में गर्मी तेज रही। यहां दिन का अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री, जबकि हनुमानगढ़ का 43.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने से यहां दिन में लू भी चली।



**धौलपुर रहा सबसे गर्म**


राजस्थान में बुधवार को भी तापमान में उतार-चढ़ाव रहा। इस बीच सबसे ज्यादा गर्म दिन कल धौलपुर में रहा, जहां का अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। धौलपुर के अलावा पूर्वी राजस्थान के करौली 44.7, अलवर 44, वनस्थली (टोंक) 44.2, पिलानी 44.7, कोटा में 44.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। इन शहरों में दिन में जबरदस्त गर्मी रही और हीटवेव भी चली।

**जयपुर में 42.9 डिग्री रहा अधिकतम तापमान**

राजधानी जयपुर बीते दो-तीन दिन से जबरदस्त गर्मी है। यहां बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 42.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, फलोदी से भी ज्यादा गर्म रहा। बाड़मेर में कल दिन का अधिकतम तापमान 40.8, जैसलमेर में 40.3, जोधपुर में 40.8 और फलोदी में 41.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# कोचिंग हब में कम अंक का डिप्रेशन निगल गया एक और जान

**-5वीं मंजिल से कूदकर छात्रा ने की आत्महत्या**




कोटा । देश के कोचिंग हब कोटा में मौत का सिलसिला जारी है। परीक्षा में कम अंक के डिप्रेशन ने फिर एक जान ले ली। नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने बिल्डिंग की खिड़की से कूदकर आत्महत्या कर ली। राजस्थान के कोटा में नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने आत्महत्या कर ली। नीट की परीक्षा में कम अंक आने से डिप्रेशन में गई छात्रा ने बुधवार को पांचवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। मामला बुधवार शाम करीब 4 बजे का है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि छात्रा बागिशा तिवारी, रीवागढ़ मध्यप्रदेश की रहने वाली थी। यहां कोटा में नीट की तैयारी कर रही थी। वह अपनी मां और भाई के साथ जवाहर नगर इलाके में एक बहुमंजिला फ्लैट में रह रही थी। घटना के समय छात्रा की मां अपने कमरे में सो रही थी। जवाहर नगर थानाधिकारी हरिनारायण शर्मा ने बताया कि बगिशा तिवारी (18) रिवागढ़ मध्य प्रदेश की रहने वाली थी, जो पुखराज एलिमेंट बिल्डिंग की 5वीं मंजिल पर कमरा नं. 503 में उसकी मां और भाई के साथ रहती थी। छात्रा एक साल से नीट की तैयारी कर रही थी। उसका भाई 11वीं में पढ़ता है और वो भी जेईई की तैयारी कर रहा है। छात्रा का एक दिन पहले ही नीट का रिजल्ट आया था। बताया जा रहा है कि परीक्षा में छात्रा के कम अंक आने से वो डिप्रेशन में थी। बुधवार दोपहर उसकी मां कमरे में सो रही थी, इसी दौरान छात्रा अपने कमरे से बाहर आई और खिड़की से नीचे कूद गई। घटना के तुरंत बाद ही छात्रा को निजी अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली हादसे का शिकार


**-दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर नीलगाय से टकराई कार**



दौसा । टीकाराम जूली की गाड़ी के आगे नीलगाय के आने की वजह से ये हादसा हुआ। गनीमत यह रही की समय रहते गाड़ी के एयर बैग में खुल गए जिसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया। दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। हादसे में जूली के बाएं हाथ में फैक्चर हुआ है। बताया जा रहा है कि हादसा नील गाय की वजह से हुआ। हादसे के बाद नेता जूली को जिला अस्पताल में ले जाया गया। मीडिया से बात कर ते हुए टीकाराम जूली अपने ठीक होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आप लोगों की दुआओं का असर है कि हादसे के बाद भी मैं ठीक हूं। टीकाराम जूली ने बताया कि हादसा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाईवे के भांडारेज इंटरचेंज कट के पांच किलोमीटर पहले हुआ। उन्होंने बताया कि कार के आगे अचानक से नीलगाय आ गई। जब कुछ समझ पाते कार गाय से टकरा गई। टीकाराम ने बताया कि हादसे तुरंत बाद ही कार के एयर बैग खुल गए, जिस कारण ज्यादा चोट नहीं आई। कार में चार लोग सवार थे, सभी सुरक्षित हैं। एक्सीडेंट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने टीकाराम जूली को दौसा के रामकरण जोशी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उनके हाथ में प्लास्टर बांधा। उसके बाद उन्हें जयपुर रवाना किया गया। टीकाराम जूली के एक्सीडेंट की सूचना पर दौसा जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार, डिप्टी एसपी रवि शर्मा सहित जिला प्रशासन का जमावड़ा अस्पताल में लगा रहा।

# उदयपुर में होगी अग्निवीर सैनिकों की भर्ती

**-लिखित परीक्षा की तारीख सहित अन्य अपडेट्स जान लें**



उदयपुर । राजस्थान के युवाओं के लिए खुशखबरी है। जो युवा अग्निवीर सैनिक बनकर देश की सेवा करने चाहते हैं, उनके लिए अपडेट्स आ गया है। आगामी महीने में उदयपुर जिले में अग्निवार सैनिकों की भर्ती होगी। राजस्थान के सभी जिलों से लिखित परीक्षा पास 7,500 युवाओं में से अग्निवीरों का चयन एवं भर्ती एक से 10 जुलाई तक उदयपुर स्थित खेलगांव में होगी। अग्निवीरों की भर्ती उदयपुर में तीन साल बाद होगी। इससे पूर्व उदयपुर को यह अवसर साल 2021 में मिला था। अग्निवीर भर्ती से संबंधित तैयारियों को लेकर आधिकारिक बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर सभागार में हुई, जिसकी अध्यक्षता एडीएम राजीव द्विवेदी ने की। सेना भर्ती प्रभारी कर्नल इंद्रजीत सिंह ने प्रशासनिक सहयोग और तालमेल की आवश्यकता बताई। कर्नल सिंह ने बताया कि प्रतिदिन औसत 1,000 परीक्षा पास युवकों में से अग्निवीरों को चुना जायगा। अग्निवीर चयन प्रक्रिया दौड़ से होगी। जिला खेल अधिकारी को रनिंग ट्रैक बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। उदयपुर विकास प्राधिकरण खेलगांव में बेरिकेड्स लगाएगा। सीसीटीवी कैमरे, फर्नीचर, लाइट्स और टेंट यूडीए लगाएगा, शिक्षा विभाग को लैपटॉप का इंतजाम करना होगा। इंटरनेट व बिजली की सुचारू व्यवस्था की जाएगी। नगर निगम सफाई और मोबाइल टॉयलेट की सुविधा मुहैया कराएगा।

# 21जून को दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर योग कार्यक्रम का आयोजन



झालावाड़ 6 जून। उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग झालावाड एवं जिला नोडल अधिकारी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस डॉ श्याम सुंदर जोशी ने बताया कि 21 जून 2024 को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस "महिला सशक्तिकरण के लिए योग" थीम पर आयोजन किया जाएगा साथ ही योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर धर्मराज ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन क्रम में आज दिनांक 06/06/2024 को गढ़पार्क में प्रातः 6:00 बजे से 7:00 बजे तक और राजकीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र झालावाड़ में प्रात: 7:00 बजे से 8:00 बजे तक योग अभ्यास करवाया गया जिसमें डॉ भूपेंद्र मीना डॉक्टर भूपेंद्र मीना, डॉक्टर संदीप निर्मल, डॉक्टर रिंकेश यादवेंद्र और कंपाउंड रामप्रसाद वर्मा ,चंद्रेश मां व परिचारक संजू कंवर, प्रेम कंवर व अन्य लोग उपस्थित रहे तथा 21 जून 2024 के सफल आयोजन के लिए प्रतिदिन पूर्व योगाभ्यास करवाया जा रहा है जिसमें आमजन अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ ले सकते हैं।

# पर्यावरण संरक्षण ही एक मात्र विकल्प: डॉ सुभाष जैन



झालावाड़ 6 जून।वर्तमान डीन डॉ सुभाष जैन की प्रेरणा से झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ पंकज गुप्ता के नेतृत्व में पीएसएम विभाग के डॉक्टरों द्वारा मेडिकल के विद्यार्थियों व नर्सिंग स्टाफ को विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम, पर्यावरण को हमारे द्वारा हो रहे नुकसान व पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया गया। डॉ रिंकल ने बताया किस तरह छोटी छोटी बातों का ध्यान रखने से हम प्राकृतिक संसाधनों को बचाने में सहयोग कर सकते है। डॉ मयंक द्वारा वीडियो के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में जन जन की भूमिका व दायित्वों को समझाया गया व साथ ही सभी से अपनी अपनी जिम्मेदारियों का पूर्णतयः निर्वाहन करने की प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। डॉ पंकज द्वारा वर्तमान उच्चतर तापमान, प्रतिकूल वातावरण व मौसम परिवर्तन जैसे उदाहरण देकर सभी को आगाह किया गया कि यदि हम वर्तमान परिवेश में पर्यावरण संरक्षण के प्रति उदासीनता दिखाते है तो भविष्य कितना भयावह हो सकता है। डॉ सुभाष जैन ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस सिर्फ एक दिन मनाया जाने वाला दिन नही अपितु रोजमर्रा के जीवन मे उतार लिये जाने वाली जीवन शैली बने तभी पर्यावरण संरक्षण हो सकता है। उनके अनुसार खुशहाल जीवन व भविष्य के लिये पर्यावरण संरक्षण व प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग ही एकमात्र विकल्प है और इसे सभी को अपनाना चाहिये। इसी क्रम में डीन महोदय, पीएसएम विभाग, नर्सिंग अधिकारी ऋषीरेश्वर श्रृंगी द्वारा मेडिकल कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया गया। डॉ आसिफ द्वारा बताया गया कि इस वर्षाकाल में कॉलेज परिसर में 100 से अधिक फलदार व छायादार पेड़ लगाये जाने है। विभागध्यक्ष शिशुरोग विभाग डॉ राजेन्द्र गुप्ता व अचार्य डॉ नागर द्वारा इस अवसर पर पोस्टग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। नर्सिंग स्टाफ विश्वप्रताप, रविन्द्र व राधेश्याम द्वारा अस्पताल परिसर में आने वाले लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिये जागरूक किया गया।

# अंतिम राउंड तक बढ़त बनाए रहे मुरारीलाल मीणा, जीत की खुशी में बोले



दौसा। लोकसभा सीट हॉट सीट बन गई थी। क्योंकि यहां से बीजेपी के किरोड़ीलाल मीणा और कांग्रेस के कद्दावर नेता सचिन पायलट की प्रतिष्ठा दांव पर थी। इस सीट पर 15 साल बाद कांग्रेस के मुरारीलाल मीणा ने जीत दर्ज की है। दौसा लोकसभा सीट पर बीजेपी के कद्दावर नेता डॉ. किरोड़ीलाल मीणा और कांग्रेस के दिग्गज नेता सचिन पायलट की प्रतिष्ठा की सीट होने के चलते दोनों ही पार्टियों ने दौसा लोकसभा को जीतने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर लगा दिया था। इधर, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दौसा में बीजेपी उम्मीदवार रहे कन्हैयालाल मीणा के पक्ष में रोड शो भी किए। लेकिन दौसा लोकसभा सीट पर इसका कोई असर नहीं हुआ। उधर, दौसा लोकसभा सीट जीतने के लिए किरोड़ीलाल मीणा ने चुनाव के दौरान में महवा की चुनावी सभा में कहा था, अगर दौसा लोकसभा सीट बीजेपी नहीं जीती तो मंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगा, जिसे फिर मतदान होने के बाद मेहंदीपुर बालाजी के नांदरी गांव के विवाद मामले की महापंचायत मंत्री पद से इस्तीफा देने की बात दोहराई थी। बता दें कि राजस्थान में लोकसभा चुनाव की मतगणना मंगलवार को सुबह आठ बजे से पंडित नवल किशोर शर्मा पीजी कॉलेज में मतगणना शुरू होने के साथ कांग्रेस का दबदबा नजर आया। जहां पोस्टल बैलट की मतगणना शुरू होने के साथ ही कांग्रेस ने बढ़त बनाते हुए नजर आई। कांग्रेस के मुरारीलाल मीणा को पोस्टल बैलेट से 9,398 मत प्राप्त हुए तो वहीं कन्हैयालाल मीणा को 4,617 मत मिले। बात करें पिछले लोकसभा चुनाव 2019 की तो दौसा से लोकसभा चुनाव बीजेपी को करीब 75 हजार मतों से जीत दर्ज की थी। पिछले लोकसभा चुनाव में दौसा से जसकौर मीना, नव निर्वाचित कांग्रेस के सांसद मुरारीलाल मीणा की पत्नी सविता मीणा को हराकर सांसद बनी थी। अब दौसा लोकसभा सीट से अपनी पत्नी सविता मीणा की हार का बदला लेते हुए कांग्रेस के मुरारीलाल मीणा ने दो लाख 37 हजार 340 मतों से जीत दर्ज की। शायद ये दौसा के लोकसभा चुनाव के इतिहास में अब तक की कांग्रेस की सबसे बड़ी जीत है, जिसके चलते दौसा लोकसभा सीट की मतगणना में मुरारीलाल ने बीजेपी को एक भी राउंड में बढ़त भी लेने दी। अपनी जीत पर निर्वाचित होते ही दौसा नवनिर्वाचित सांसद मुरारीलाल मीणा बोले कि सचिन पायलट ने दौसा लोकसभा सीट पर अच्छी-खासी मेहनत की थी, जिसके चलते जीत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाईयां देकर जीत का जश्न मनाया।

पपलाज माता पहुंचे सांसद मुरारीलाल मीणा

गहलोत सरकार में पूर्व मंत्री रही ममता भूपेश ने कहा, मैं विधानसभा चुनाव में 9,000 वोटों से हारी थी, जिसे जनता ने जवाब देते हुए अबकी बार सीखा दिया है। लोकसभा चुनाव में अच्छे मतों से जिताया है।भूपेश ने कहा, चार महीने की पर्ची सरकार ने लोहे के ऊपर सोने की पॉलिश करके लोगों को बेवकूफ बना कर सत्ता में आए थे, जिसका पर्दाफाश हो चुका है। बीजेपी के सारे विधायक फेलियर साबित हो गए। जनता ने विधानसभा चुनाव के दौरान जो भूल की थी, उसे सुधारा है। वहीं, जीत के बाद नवनिर्वाचित सांसद मुरारीलाल मीणा पपलाज माता मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सिटी बस में मायरा भरने जा रहे परिवार की बेकाबू होकर पलटी बस

**- एक की मौत, दो लोग गंभीर घायल**



जोधपुर । सिटी बस में मायरा भरने जा रहे परिवार की बस बेकाबू होकर पलट गई। इस दौरान एक की मौत, जबकि दो लोग गंभीर घायल हो गए। जोधपुर में सिटी बस के टायर फटने से बेकाबू होकर पलट गई। सिटी बस में सवार होकर मायरा भरने जा रहे परिवार में से एक की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हैं। घायलों का मथुरादास माथुर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना जोधपुर से भोपालगढ़ रोड पर दोपहर 2:30 बजे की है। बनाड़ थानाधिकारी प्रेमदान रतनू ने बताया कि पाल गांव के देवासी समाज के लोग सिटी बस में देवातड़ा मायरा भरने जा रहे थे। बस के टायर फटने से बेकाबू होकर पलट गई। सभी घायल एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। हादसा थबुकड़ा गांव के नजदीक हुआ। हादसे में पाल गांव देवासों की ढाणी निवासी 20 वर्षीय सोहनराम पुत्र घमंडाराम की मौत हो गई। दो लोग गंभीर घायल हैं। एसीपी मंडोर पीयूष कविया भी अस्पताल पहुंचे। साथ ही मौके से रजलानी के सरपंच पारस गुर्जर वहां से गुजर रहे थे तो हादसा देख उन्होंने कुछ निजी वाहन से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

**सरूपगंज-आबूरोड हाइवे पर भुजेला के समीप ट्रक-बाइक की भिड़ंत में दो घायल**

सिरोही जिले में सरूपगंज-आबूरोड हाइवे पर भुजेला के समीप बुधवार दोपहर को ट्रक और बाइक की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग एवं वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने घायलों को 108 एंबुलेंस से आबूरोड सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां वरिष्ठ मेल नर्सिंग अधिकारी दुर्गेश सक्सेना की अगुवाई में टीम द्वारा इलाज किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायलों की पहचान चंडेला निवासी जगराम (22) पुत्र केसाराम गरासिया एवं अंबाबेरी, चंडेला निवासी जीतू (20) पुत्र लाडूराम गरासिया के रूप में हुई है। दुर्घटना में ट्रक एवं मोटर साइकिल को भी नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तथा आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

**अधेड़ किसान का शरीर थ्रेशर मशीन में आया**

उदयपुर से अलग होकर बने सलूम्बर जिले के सेमारी क्षेत्र में मंगलवार रात अपने खेत पर थ्रेशर मशीन से गेहूं निकाल रहे एक अधेड़ किसान का शरीर मशीन के हूपर में चले जाने से क्षत-विक्षत हो गया। काश्तकार रामलाल पटेल एक मजदूर की सहायता से गेहूं के ओगे मशीन में डाल रहा था। रामलाल का बैलेंस बिगड़ जाने से एक हाथ मशीन में चला गया। हाथ के साथ उसका सिर व सीना भी मशीन में बुरी तरह पीस गया। मशीन के आसपास उसका खून फैल गया। गंभीर हालत में रामलाल पटेल को सेमारी के सामुदायिक केंद्र ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

# शादी का झांसा देकर सात साल तक शारीरिक शोषण करता रहा युवक



अलवर । राजस्थान के अलवर जिले में एक युवती के साथ शारीरिक शोषण हुआ है। युवती के मुताबिक, आरोपी युवक बीते सात साल से शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। अलवर में एक युवती को प्रेम जाल में फंसा कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। थानों में दर दर भटकने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने के चलते पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं, पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष ज्ञापन सौंप कर पुलिस पर लापरवाही और कार्रवाई नहीं करने का भी आरोप लगाया। पीड़िता ने आरोपी के परिजनों पर जान से मारने की धमकी देने के साथ राजीनामा करवाने का भी दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कहा, मैं साल 2017 में स्कूल में पढ़ती थी। इस दौरान मेरी मुलाकात मेरी एक दोस्त की मार्फत दीपक सिंह शेखावत से हुई। जो कि रायपुर-हरसौली (खैरथल) का रहने है। वह मेरे पास आया बैठा बातचीत की, फिर दोस्त बनने के लिए कहा। फिर फोन नंबर दिया अपना। उसने मुझसे कहा कि अलवर आ जाओ, घूम जाओ। फिर उसने मुझे मेरे घर से बाइक पर बैठाया और मुझसे दोस्ती बढ़ाई और कहा कि मैं कंप्टीशन एग्जाम देता हूं। अलग-अलग जगह जाता हूं तो वहां अपन घूमने जाएंगे। इस दौरान दीपक ने मुझे घूमने जाने के बहाने गुड़गांव, अहमदाबाद, आगरा, धारूहेड़ा और विलासपुर स्थित होटल में ले जाकर मेरे साथ शारीरिक शोषण किया। जब मैंने इस बात का विरोध किया तो उसने कहा कि मैं तुमसे शादी करूंगा। साल 2017 में मेरी उससे मुलाकात हुई और लगातार सात साल से वह मेरे साथ शारीरिक शोषण कर रहा। इसको लेकर मैंने कई बार थाने में शिकायत भी की और मुकदमा भी दर्ज करवाया। लेकिन पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उल्टा मुझ पर राजीनामा करने का दबाव बना रही है। वहीं, आरोपी युवक दीपक और उसके परिजनों द्वारा मुझे जान से मारने की धमकी दी जा रही है और मुझ पर और मेरे परिवार पर पैसे की मांग करने का आरोप लगा रहे हैं। यही नहीं आरोपी दीपक द्वारा सोशल मीडिया पर मुझे लगातार धमकी भरे मैसेज किए जा रहे हैं, जिससे परेशान होकर मैंने पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा के समक्ष न्याय की गुहार लगाई है। ताकि मुझे न्याय मिल सके। धारा 363, 366, 376 के तहत तातारपुर थाने मामला दर्ज करवाया है। युवती इसी थाना क्षेत्र की रहने वाली है।

**डिप्रेशन में आकर युवक ने की आत्महत्या**

अलवर शहर कोतवाली थाना अंतर्गत सिद्धपुर मोहल्ला हनुमान जी की गली में एक 40 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। थाना पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मृतक के परिजन ओमप्रकाश वशिष्ठ ने बताया, आज से एक महीने पूर्व कोतवाली क्षेत्र मैं एक मंदिर में एक पुजारी काम करता था, तभी वहां पर रिटायर्ड पुलिसकर्मी नाम अखिलेश गार्ड की नौकरी करता था। मंदिर में आए दान को लेकर उन दोनों में कहासुनी हुई। उसके बाद अखिलेश ने मंदिर के पुजारी के ऊपर SC-ST लगा दी और मामला दर्ज करवा दिया। परिजनों का आरोप है, मृतक से केस वापस लेने की एवज एक लाख रुपये की डिमांड करता था। मृतक ने इस बारे में अपने घर वालों को भी कुछ नहीं बताया। उसके बाद मंगलवार देर शाम को डिप्रेशन में आकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कोतवाली थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है और जो भी इसमें दोषी होगा, उसकी तलाश कर रही है।

**वैशाली नगर थाना क्षेत्र में चोरी**

अलवर में वैशाली नगर थाना क्षेत्र के खुदनपुरी में दिनदहाड़े एक अनजान युवक घर में घुसकर सोने चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ कर फरार हो गया। हालांकि, इस दौरान अनजान शख्स पड़ोस में लगे कैमरे में कैद हो गया, जिसके आधार पर पुलिस आरोपी को तलाश कर रही है।

घटना के संबंध में अधिक जानकारी देते हुए पीड़ित निहाल सिंह ने बताया, उसकी पत्नी रोडवेज में कर्मचारी है। घटना के वक्त दोनों ड्यूटी पर गए हुए थे। घर पर बेटा-बेटी थे। इस दौरान एक शख्स घर आया, जिसने अपना नाम बिट् और मेरा परिचित बताया। उसके बाद अनजान युवक ने दोनों बच्चों को डरा धमकाकर अलमारी की चाबी ली और अलमारी में रखी सोने की अंगूठी व चेन लेकर फरार हो गया। बदमाश युवक ने जाते वक्त दोनों बच्चों को बाहर न निकलने व किसी को बताने पर मारने की धमकी दी। घटना के बाद दोनों बच्चों ने फोन कर अपने परिजनों को सूचित किया, जिसके बाद परिजन घर पहुंचे और घटना के संबंध में वैशाली नगर थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई।

**दुष्कर्म मामले में आरोपी को 20 साल की सजा**

अलवर के बड़ौदामेव थाना अंतर्गत क्षेत्र के दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो कोर्ट संख्या-1 के जज जागेंद्र अग्रवाल ने आरोपी भूप सिंह जाट को दोषी करार देते हुए 20 साल की कठोर कारावास और 30,500 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक रोशनदीन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिग के परिजनों ने थाने में शिकायत की थी। आरोपी भूप सिंह उनकी नाबालिग बेटी को अपनी बाइक पर घर से जबरदस्ती बैठा कर ले गया और सूर्यनगर के पुराने मकान में बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

अगले दिन आरोपी बेटी को दिवाकरी मोड के सुनसान रोड पर छोड़कर चला गया। घर आने पर बेटी ने पूरी घटना से परिजनों को अवगत कराया। मामले में चलाना पेश हुआ, प्रॉसिक्यूशन की ओर से 19 गवाह और 23 दस्तावेज पेश किए गए। साथ ही एफएसएल रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर विशिष्ट न्यायाधीश जागेंद्र अग्रवाल ने फैसला सुनाते हुए आरोपी भूप सिंह को 20 साल की सजा व 30,500 के जुर्माना से दंडित किया।

# पानी की किल्लत ने ली बुजुर्ग की जान

-घर में पानी नहीं आने पर दूर जाकर लाने से थे परेशान



अलवर । राजस्थान में पानी कि किल्लत आम बात हो चली है लेकिन यह परेशानी किसी को आत्महत्या करने पर मजबूर कर दे तो इससे ज्यादा शर्मनाक और क्या होगा। ताजा मामले में पानी की किल्लत से परेशान एक बुजुर्ग वकील ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अलवर में पानी की किल्लत से परेशान एक 75 वर्षीय बुजुर्ग एडवोकेट ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब मृतक मोहनलाल की पुत्री को घटना की जानकारी हुई तो परिजनों व पुलिस को इस संबंध में सूचना दी गई। घटना शहर के भैरू के चबूतरे क्षेत्र की है। थाने के सहायक उपनिरीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि वकील मोहनलाल सैनी द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मोहनलाल को उनके कार्यालय में कुंडी से फंदा लगाकर लटके पाया। शव को नीचे उतारकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में भेजा गया जहां परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि मौत के कारणों की अभी जांच की जा रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर माउंट आबू में जागरूकता कार्यक्रम

- पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित किया



सिरोही । विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, सिरोही के क्षेत्रीय कार्यालय ने माउंट आबू में पर्यावरण जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर कचरा प्रबंधन और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, सिरोही के क्षेत्रीय कार्यालय के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर माउंटआबू में पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में कचरा प्रबंधन और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। ग्लोबल हॉस्पिटल, माउंट आबू के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से प्रदूषण व अन्य पर्यावरणीय मुद्दों पर जानकारी उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही ठोस कचरा प्रबंधन, सिंगल यूज प्लास्टिक आदि पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आमजन द्वारा गीला व सूखा कचरा अलग-अलग कर नगर पालिका की टिप्पर गाड़ी को दिया जाता है। इस पर उनके द्वारा अंततः दोनों प्रकार के कचरे को सामूहिक तौर पर एक साथ डाल दिया जाता है। साथ ही यह भी बताया गया कि नगरपालिका सफाई कर्मी द्वारा सड़क किनारे कचरे को जलाया जाता है, जिससे वायु प्रदूषण होता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी व्यक्तियों को इको फ्रेंडली बैग भी वितरित किए गए। राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, सिरोही एवं वन विभाग, माउंट आबू द्वारा संयुक्त रूप से सनसेट पॉइंट व ट्रेवर्स टैंक पर इको फ्रेंडली कैरी बैग वितरित किए गए व आमजन को इसे उपयोग में लेने के लिए अपील की गई। ट्रेवर्स टैंक में ट्रैकिंग पर जाने वाले व्यक्तियों को टिकट के साथ यह बैग मुफ्त उपलब्ध करवाए गए एवं निर्देशित किया गया कि ट्रेकिंग के वक्त जनित कचरे को जंगल में ना फेंककर इस बैग में डाला जाए और लौटते समय इस बैग को वन विभाग के टिकट काउंटर में अनिवार्यतः जमा करवाया जाए। विभाग द्वारा की गई इस पहल को पर्यावरण प्रेमियों व आमजन द्वारा काफी सराहा जा रहा है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में अब 15 जून तक अवकाश

हनुमानगढ़ । जिले में भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 जून तक अवकाश रहेगा। इसमें बच्चों के अवकाश के दौरान उनका पोषाहार उन्हें THR (टेक होम राशन) के रूप में दिया जाता रहेगा। शेष सभी वर्ग के लाभान्वितों को पूरक पोषाहार की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका आंगनबाडी केन्द्र पर यथावत उपस्थित रहकर शेष गतिविधियां संपादित करेंगी। जिले में पहले 27 मई से 05 जून 2024 तक शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों के 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए अवकाश घोषित किया गया था।

# जिला कलेक्टर ने ग्राम 2 केएनजे में जलापूर्ति का किया निरीक्षण



हनुमानगढ़ । हनुमानगढ़ के ग्राम 2 केएनजे में जलापूर्ति के प्रगतिरत कार्य एवं पेयजल सप्लाई का जिला कलेक्टर काना राम ने शाम 7 बजे निरीक्षण किया। इस दौरान अधिशाषी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता जन स्वा. अभि0 विभाग साथ रहे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जल योजना 2 केएनजे में उच्च जलाशय क्षमता 400 किलोलीटर स्वच्छ जलाशय क्षमता 100 किलोलीटर, चार दीवारी निर्माण पम्प हाउस एवं पम्पींग मशीनरी स्थापना का कार्य पूर्ण हो गया है। ग्राम में वितरण पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। वहीं उच्च जलाशय से पाइप लाईन मिलान का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में ग्राम में पुरानी पाईप लाईन से ही पेयजल सप्लाई की जा रही है। इस दौरान जिला कलक्टर ने शेष कार्यों को जल्द पूरा कर नई पेयजल पाईप लाईन से पेयजल सप्लाई शुरू कराने के निर्देश दिए । इसके बाद जिला कलक्टर ने गांव में पेयजल सप्लाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अन्तिम छोर के घरों में बिना रूकावट जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुचारु आपूर्ति में आ रही रुकावटों को एक दिन में निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अधिशाषी अभियन्ता ने बताया कि एक सप्ताह में उच्च जलाशय से मिलान का कार्य पूर्ण करवाकर नई पाईप लाईन से पेयजल सप्लाई शुरू करा दी जाएगी।

## झुंझुनू किडनी कांड:

# चर्चित किडनी कांड का फरार आरोपी डॉक्टर पुलिस के हत्थे चढ़ा



झुंझुनू । जिले के चर्चित किडनी कांड का मुख्य आरोपी डॉ. संजय धनखड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। किडनी कांड का खुलासा होने के बाद से फरार धनखड़ राज्य से बाहर भागने की फिराक में था। शहर के धनखड़ हॉस्पिटल में हाल ही में किडनी के इलाज में लापरवाही का मामला सामने आया था। मामला दर्ज होने के बाद फरार हुए डॉक्टर को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। झुंझुनू जिला पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया झुंझुनू जिला पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर गवाहों के बयान और घटनास्थल का निरीक्षण करके जो बात सामने आई है, उसके आधार पर कुछ नई धाराएं भी मामले में जोड़ी गई हैं। पुलिस के अनुसार डॉ. संजय धनखड़ गुजरात की तरफ फरार होने की फिराक में था। पुलिस हिरासत में लेने के बाद धनखड़ से और भी पूछताछ की जा रही है। एसपी ने बताया कि जो किडनी गायब हुई है, उसका बायो मेडिकल वेस्ट हुआ है या नहीं हुआ है, इसके बारे में भी पूछताछ की जाएगी। ज्ञात रहे कि धनखड़ हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान संक्रमित किडनी के स्थान पर डॉक्टर संजय धनखड़ द्वारा सही किडनी को निकालने की लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया था। इसके बाद उनके अस्पताल को सीज कर दिया गया और पुलिस ने मामला दर्ज कर अब उनकी गिरफ्तारी की गई है।

# अपने व्यवहार में अपनाए प्रकृति प्रेम -जिला कलेक्टर



हनुमानगढ़ । जंक्शन स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस समारोह आयोजित हुआ। जिला पर्यावरण समिति, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल हनुमानगढ़ व वन विभाग हनुमानगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम की शुरुआत जिला कलेक्टर काना राम ने पौधारोपण कर की। जिला कलेक्टर ने पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के महत्व को बताया। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने व्यवहार में प्रकृति प्रेम अपनाए। उन्होंने 5 'आर' रिफ्यूज, रिड्यूज, री-यूज, रिसाइकल, रि-पर्पज को अपने दैनिक व्यवहार में आत्मसात करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पौधरोपण और उनकी सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। वृक्षों का मानव जीवन और पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में बड़ा योगदान है। इसलिए इस मानसून में सभी अपने घर, गांवों, पंचायतों में पौधरोपण अवश्य करें। उपवन संरक्षक सुरेश कुमार आबुसरिया ने विभागीय टीओएफआर योजना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पेड़ों के बिना जीवन की परिकल्पना संभव नहीं है। पौधारोपण प्रत्येक व्यक्ति का सामाजिक नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि इस बार विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'ओवर लैंड ओवर फ्यूचर' रखी गई है। इसलिए अधिकाधिक सक्रिय होकर पौधारोपण करें। हम सभी को पानी और वायु प्रदूषण की रोकथाम कर मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए।समारोह में पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य आनंद जैन ने कहा कि हर व्यक्ति को पौधे लगाने चाहिए, तभी स्वच्छ वातावरण में जीवन जी सकेंगे। इस मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी कपिल चौधरी, भल्लाराम सिहाग, नितिन कुमार जांगिड़, जसवंत कुमावत, जयपाल जैन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के आयोजन में प्रथम स्थान पर रही भूमिका, द्वितीय स्थान पर गुरजीत कौर, खुशप्रीत, समनप्रीत व तृतीय स्थान पर कविता और राजेश बेनीवाल व मोहम्मद तोफीक को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध नगर परिषद

-मानसून में रोपे जाएंगे 50 हजार पौधे

हनुमानगढ़ । मानसून में अधिकाधिक पौधारोपण के लिए जिला प्रशासन की तैयारियां अंतिम दौर में है। इस बार नगर परिषद हनुमानगढ़ 50 हजार से अधिक पौधे लगाकर देखभाल के लिए संकल्प लेगी। आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि परिषद के प्रत्येक कार्मिक और विभिन्न संस्थाओं के जरिए पौधारोपण कराया जाएगा। यादव ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज रोपे गए पौधे ही आगामी वर्षों में वृक्ष बनकर बढ़ते तापमान को कम करने में सहायक होंगे। उन्होंने बताया कि शहर के सौंदर्य को ध्यान में रखते हुए हनुमानगढ़ टाउन-जंक्शन रोड व संगरिया रोड पर निर्मित डिवाइडर की समरूपता रखने का प्रयास किया गया है। आयुक्त ने बताया कि राजीव चैक से एसबीआई बैंक तक जिस डिवाइडर का नवीनीकरण किया जा रहा है, उसके ऊपर से 11 केवी हाईटेंशन लाइन है और बीच में भूमिगत केबल भी क्रॉस है। इसलिए नया पौधारोपण किया जाना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि डिवाइडर पर पूर्व में स्थित पेड़ों को यथास्थिति में रखा गया है। किसी भी पेड़ को किसी भी रूप से नुकसान नहीं पहुंचाया गया है।

# राजस्थान की इस चर्चित सीट पर नहीं चला मोदी-योगी का मैजिक

दौसा। दौसा लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मैजिक नहीं चल पाया। वहीं प्रियंका गांधी वाड्रा, सचिन पायलट और अशोक गहलोत असरदार रहे। दौसा लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मैजिक नहीं चल पाया। भाजपा के स्टार और फायर ब्रांड नेता का भी मतदाताओं पर कोई असर नजर नहीं आया, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्व डिप्टी सीएम और सीडब्ल्यूसी सदस्य सचिन पायलट और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का चुनाव प्रचार बेहद कारगर साबित हुआ। उनकी सभा वाले क्षेत्रों में कांग्रेस उम्मीदवार ने भाजपा पर जोरदार बढ़त बनाई है। इसी का नतीजा है कि कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीना ने 2 लाख 37 हजार 340 मतों से बड़ी जीत दर्ज की। यह दौसा सीट पर अब तक की सबसे बड़ी जीत है। दौसा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के दिग्गज नेताओं की एक दर्जन से अधिक जनसभा और रोड शो हुए थे। 12 अप्रेल को भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दौसा शहर में बडा रोड़ शो आयोजित किया गया था। जिसमें भारी जनसैलाब उमड़ा था, लेकिन भाजपा इसको वोटों में तब्दील करने में सफल नहीं हो सकी और दौसा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को 36 हजार से अधिक मतों की बढ़त मिली, वहीं भाजपा के सबसे फायर ब्रांड नेता यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लालसोट में चुनावी सभा की थी, लेकिन यहां भाजपा को साढ़े 32 हजार से अधिक मतों से शिकस्त मिली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 17 अप्रेल रामनवमी पर्व पर चुनाव प्रचार से ठीक पहले रोड शो कर नुक्कड़ सभा को संबोधित किया था, लेकिन बांदीकुई में भी भाजपा 26 हजार से भी अधिक मतों से पिछड़ गई। सिकराय क्षेत्र में भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चुनावी सभा की थी, लेकिन यहां भाजपा सबसे ज्यादा 63 हजार से भी अधिक वोटों से पीछे रही। कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी की बांदीकुई के मुकुरपुरा में सचिन पायलट के साथ जनसभा हुई। जो कांग्रेस के लिए बेहद ही फायदेमंद साबित हुई। बांदीकुई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को 26 हजार वोटों से बढ़त मिली। इसका असर सिकराय विधानसभा क्षेत्र में भी देखने को मिला। इसके अलावा सचिन पायलट ने दौसा, महुवा के गांजीपुर, थानागाजी के प्रतापगढ़ में चुनावी जनसभाएं की। इन सभी क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीना को जोरदार बढ़त मिली हैं तो वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सिकराय के गीजगढ़ में जनसभा की जहां कांग्रेस को शानदार जीत हुई।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मैराथन का आयोजन




करौली । पर्यावरण को सुरक्षित बनाने के लिए उप वन संरक्षक करौली द्वारा पौधरोपण, चित्रकला, पोस्टर, संगोष्ठी और निबंध प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वच्छ और संरक्षित पर्यावरण का संदेश देने के लिए उप संरक्षक कार्यालय से सायपुर मार्ग पर 5 किमी की मैराथन का आयोजन भी किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उप वन संरक्षक करौली द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित बनाने और इसके लिए आमजन को प्रेरित करने के उद्देश्य से पांच किमी मैराथन का आयोजन किया गया। साथ ही पौधरोपण, चित्रकला, पोस्टर, संगोष्ठी और निबंध प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ को उप वन संरक्षक सुमित बंसल बफर और उप वन संरक्षक बाघ अभयारण्य करौली पीयूष शर्मा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद उप वन संरक्षक कार्यालय में पर्यावरण बचाओ संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उप वन संरक्षक कार्यालय में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण कर आमजन को भी पेड़-पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। महात्मा ज्योतिबा फुले उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 90 विद्यार्थियों ने पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए चित्र बनाकर अपने विचार कागज पर उकेरे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपवन संरक्षक सुमित बंसल ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। जीवन जीने के लिए जिस प्रकार से खाद्य पदार्थ की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार शुद्ध पर्यावरण की भी आवश्यकता है। इस दौरान उप वन संरक्षण बाघ अभयारण्य पीयूष शर्मा ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि हम जितने भी मीठे फल खाते हैं, उन सबके बीजों को फेंकने की बजाए घर के आसपास उगाना चाहिए। जिससे कि वह आगे चलकर बड़ा पेड़ बनकर फल के साथ हमें शुद्ध प्राणवायु भी देगा।

# पूरे राजस्थान में इस शादी के कार्ड ने मचा दिया था तहलका, हिल गया था प्रशासन


-दूल्हे को भरना पड़ा था भारी भरकम जुर्माना



साल 2021 में जोधपुर की एक शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर जबरदस्त वायरल हुआ था। इस कार्ड ने प्रशासन तक को हिलाकर रख दिया था। जिसके बाद दूल्हे को भारी भरकम जुर्माना भी देना पड़ गया था। साल 2021 में जोधपुर की एक शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर जबरदस्त वायरल हुआ था। इस कार्ड की वजह से दूल्हे को भारी भरकम जुर्माना भी देना पड़ गया था। जिसके पीछे का कारण है कार्ड में छपे नाम। इस कार्ड में 15-20 नहीं बल्कि पूरे 301 नाम छपे थे और कोरोना के समय शादी करने के लिए प्रशासन ने सिर्फ 50 लोगों को अनुमति दे रखी थी, लेकिन वायरल हुए इस कार्ड में 301 नाम छपवाए गए। ये कार्ड सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल के बेटे और बेटी की शादी का था। कार्ड सोशल मीडिया पर वायरल होते ही प्रशासन ने एक्शन लिया और शादी में पहुंचे तो मेहमानों की 50 से ज्यादा संख्या होने पर कई व्यक्तियों को वापस भेजा और आयोजनकर्ताओं पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। राजस्थान के मारवाड़ ग्रामीण क्षेत्रों में शादी के कार्ड पर बड़ी संख्या में नाम छपवाने की परम्परा है। ऐसा कहा जाता है कि जितने ज्यादा लोगों के नाम कार्ड पर होंगे परिवार का रिश्ता उन लोगों से उतना ही मजबूत होगा। इसलिए सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल ने अपने बेटे और बेटी के मुकलावा में 301 नाम छपवाए थे, लेकिन ये नाम छपवाना उनको इतना भारी पड़ जाएगा ये तो उन्होंने भी नहीं सोचा था।

# एक गांव के दो लड़कों का हुआ NEET में चयन

-कई गांवों में दौड़ी खुशी की लहर







भोपालगढ़। अखिल भारत स्तर पर आयोजित की गई नीट की परीक्षा में भोपालगढ़ क्षेत्र के कई होनहार विद्यार्थियों का भी चयन हुआ है और क्षेत्र के बुड़किया गांव से तो एक साथ दो विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इससे क्षेत्र के कई गांवों में खुशी की लहर सी दौड़ गई है।

नीट परीक्षा के घोषित किए गए नतीजों में भोपालगढ़ निवासी एवं खारिया खंगार ट्रक यूनियन के कैशियर सुशील जाखड़ के पुत्र वीरेंद्र जाखड़ का 720 में से 656 अंकों के साथ ऑल इंडिया में 24753वीं रैंक पर एवं ओबीसी में 11046वीं रैंक पर चयन हुआ है। जिस पर प्रधान शांति जाखड़ व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश जाखड़ के नेतृत्व में ग्रामीणों ने साफा व मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

इसी प्रकार भोपालगढ़ उपखंड क्षेत्र के बुड़किया गांव से एक साथ दो विद्यार्थियों हर्ष भाटी पुत्र अशोक कुमार भाटी एवं रामरतन सियाग पुत्र भागीरथराम जाट का नीट परीक्षा-2024 के परिणाम में चयन हुआ है। स्थानीय शिक्षाविद प्रधानाचार्य लालाराम भाटी ने बताया भोपालगढ़ क्षेत्र के बुड़किया गांव के दो होनहार विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण कर गांव का नाम रोशन किया है।

इसके तहत हर्ष भाटी का 720 में से 680 अंकों के साथ ऑल इंडिया 9492वीं रैंक व ओबीसी में 3886वीं रैंक पर तथा रामरतन सियाग का 670 अंकों के साथ ऑल इंडिया 14533वीं रैंक व ओबीसी में 6231वीं रैंक पर चयन हुआ है। दोनों होनहार विद्यार्थियों की इस सफलता पर बुड़किया गांव के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए दोनों का साफा व मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

# रोहित के साथ विराट ने की ओपनिंग

## -टी20 में इतनी बार साथ पारी की शुरुआत कर चुके दोनों, देखें आंकड़े




टी20 विश्व कप 2024 में भारत का पहला मुकाबला आयरलैंड के खिलाफ था। यह मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला गया। इस मुकाबले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कप्तान ने टॉस के वक्त बताया कि यशस्वी जायसवाल इस मैच में नहीं खेल रहे हैं। इसका मतलब यही था कि रोहित के साथ विराट कोहली ओपनिंग करने उतरे। आखिरकार फैंस की यह ख्वाहिश भी पूरी हो गई। दरअसल, अभी से नहीं बल्कि 2021 से ही इस बात की चर्चा चल रही है कि रोहित और विराट को टी20 में साथ पारी की शुरुआत करनी चाहिए। हालांकि, न तो 2021 में और न ही 2022 टी20 विश्व कप में ऐसा हो पाया। अब टी20 विश्व कप 2024 में पहले ही मैच में भारतीय टीम एक नई रणनीति के साथ मैदान पर उतरी है। रोहित और विराट टीम के दो सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं और अगर ये टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने में कामयाब रहते हैं तो भारतीय टीम खिताब अपने नाम कर सकती है।दरअसल, 2021 के टी20 विश्व कप से पहले ही इस बात की चर्चा थी कि रोहित और विराट ओपनिंग उतरेंगे। तब विराट कप्तान थे। ऐसे में उनसे कई मैचों के बाद यह पूछा गया था कि क्या वह रोहित के साथ पारी की शुरुआत करेंगे? तब विराट ने कहा था कि उन्हें इसमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन टीम मैनेजमेंट का फैसला सर्वोपरि होगा। इसके बाद 2021 टी20 विश्व कप में रोहित के साथ केएल राहुल ओपनिंग उतरे। टीम इंडिया तब ग्रुप-स्टेज से ही बाहर हो गई थी। वहीं, 2022 में भी रोहित और राहुल ही ओपनिंग उतरे। अब करीब चार साल बाद रोहित इस मार्की टूर्नामेंट में विराट के साथ ओपनिंग उतरते दिखेंगे। आयरलैंड के खिलाफ इस मैच को मिलाकर टी20 प्रारूप में रोहित और विराट ने सिर्फ दो पारी में साथ ओपनिंग की है। 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ मैच के दौरान दोनों पारी की शुरुआत करने उतरे थे और 94 रन की साझेदारी कर डाली थी। अब आयरलैंड के खिलाफ दोनों ने 22 रन की साझेदारी निभाई। इसके पहले या बाद विराट ने कई मौकों पर ओपनिंग की। या तो वह शिखर धवन या फिर केएल राहुल के साथ भी ओपनिंग उतरे, लेकिन रोहित के साथ नहीं उतरे। विराट ने राहुल के साथ पांच पारियों में ओपनिंग की है और कुल 209 रन की साझेदारी कर चुके हैं। वहीं, धवन के साथ विराट ने एक बार ओपनिंग की और 64 रन की साझेदारी निभाई।

एक बार 2012 में विराट गंभीर (26 रन की साझेदारी) के साथ और 2011 में मुरली विजय के साथ (18 रन की साझेदारी) ओपनिंग कर चुके हैं।

विराट ने अब तक टी20 अंतरराष्ट्रीय में ओपनिंग करते हुए 10 पारियों में 401 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ ओपनिंग करते हुए विराट ने 122 रन की नाबाद पारी खेली थी। ओपनिंग करते हुए विराट का स्ट्राइक रेट 161 से ज्यादा का रहा है। हाल ही में विराट ने आईपीएल 2024 में ओपनिंग की थी और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। इस टूर्नामेंट में विराट ने 15 पारियों में 154.70 के स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाए थे। विराट के ओवरऑल टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की बात करें तो उन्होंने 110 पारियों में 138 के स्ट्राइक रेट से 4038 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक और 37 अर्धशतक शामिल हैं।

वहीं, रोहित शर्मा ने बतौर ओपनर 117 टी20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में 142 के स्ट्राइक रेट से 3545 रन बनाए हैं। इनमें पांच शतक और 25 अर्धशतक शामिल हैं। नाबाद 121 रन उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर है। रोहित ने आईपीएल 2024 में 14 पारियों में 417 रन बनाए थे।

रोहित के ओवरऑल टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की बात करें तो उन्होंने 145 पारियों में 139 के स्ट्राइक रेट से 4025 रन बनाए हैं। इनमें पांच शतक और 30 अर्धशतक शामिल हैं। अब जब वह विराट के साथ ओपनिंग करने उतरेंगे तो फैंस के लिए यह किसी ट्रीट से कम नहीं होगा। भारतीय टीम में ज्यादातर फैंस इन्हीं दोनों के हैं और शुरुआत में ही दोनों का साथ बल्लेबाजी के लिए आने से फैंस काफी खुश होंगे।

# पावरलिफ्टर संदीप कौर पर डोपिंग मामले में दस साल का प्रतिबंध



कौर पिछले साल अगस्त में ही चार साल के प्रतिबंध के बाद लौटी है । वह उत्तराखंड के काशीपुर में राष्ट्रीय सीनियर महिला पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में ओपन 69 किलो वर्ग में तीसरे स्थान पर रही थी।

नाडा की डोपिंग निरोधक अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने पावरलिफ्टर संदीप कौर पर प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल के दूसरे अपराध के कारण दस साल का प्रतिबंध लगा दिया है। पंजाब की 31 वर्ष की पावरलिफ्टर संदीप पर डोपिंग के दूसरे अपराध के लिये आठ साल का प्रतिबंध लगाया गया और अतिरिक्त दो साल उनके नमूनों में कई प्रतिबंधित पदार्थ पाये जाने के कारण लगाया गया है। पहली बार उन्हें 2019 में स्टानोजोलोल के सेवन का दोषी पाया गया था।

कौर पिछले साल अगस्त में ही चार साल के प्रतिबंध के बाद लौटी है । वह उत्तराखंड के काशीपुर में राष्ट्रीय सीनियर महिला पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में ओपन 69 किलो वर्ग में तीसरे स्थान पर रही थी। प्रतिस्पर्धा के दौरान लिये गए उनके मूत्र के नमूनों में नोरांड्रोस्टेरोन, मेटांडियेनोन और मेफेंटरमाइन के अंश पाये गए। एडीडीपी ने सभी पक्षों को सुनने के बाद कहा कि कौर यह बता नहीं सकी है कि ये पदार्थ उनके शरीर में कैसे गए। राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने अपने वकील के मार्फत पैनल से अनुरोध किया कि मामले की गंभीरता को भी ध्यान में रखा जाये क्योंकि खिलाड़ी ने कई प्रतिबंधित पदार्थों का सेवन किया है और निलंबन की अवधि दो साल और बढाई जाए।

एडीडीपी ने नाडा की दलील स्वीकार करके प्रतिबंध दस साल का कर दिया जो छह सितंबर 2023 से लागू होगा। एक अन्य अहम फैसले में वुशू खिलाड़ी अवनीश गिरि पर प्रतिबंध के दौरान एक प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिये चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। गोवा राष्ट्रीय खेल 2023 में रजत पदक जीतने वाली केरल की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम की सदस्य नेहा वी पर भी डोप टेस्ट में नाकाम रहने के लिये चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है।

# कोच स्टिमक के बाद रियल मैड्रिड के स्टार ने दी छेत्री को विदाई मैच के लिए बधाई





कुवैत तीन अंक के साथ आखिरी पायदान पर है। भारतीय टीम अगर कुवैत को हराने में सफल रही तो वह तीसरे चरण के क्वालिफिकेशन में जगह लगभग पक्की कर लेगी क्योंकि अफगानिस्तान गोल अंतर के मामले में भारत से सात गोल पीछे है। भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने सुनील छेत्री को उनके करियर के आखिरी मुकाबले के लिए बुधवार को बधाई दी। आज कुवैत के खिलाफ भारतीय टीम के कप्तान गुरुवार को अपना अंतिम मुकाबला खेलेंगे। इस मैच के लिए रियल मैड्रिड के मिडफील्डर लुका मोड्रिक ने भी छेत्री को शुभकामनाएं दी। स्टिमक ने उनकी वीडियो पोस्ट कर उन्हें धन्यवाद दिया।

भारत दूसरे स्थान पर

भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंकों के साथ कतर (12 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर काबिज है। अफगानिस्तान गोल अंतर से पिछड़कर तीसरे स्थान पर है। कुवैत तीन अंक के साथ आखिरी पायदान पर है। भारतीय टीम अगर कुवैत को हराने में सफल रही तो वह तीसरे चरण के क्वालिफिकेशन में जगह लगभग पक्की कर लेगी क्योंकि अफगानिस्तान गोल अंतर के मामले में भारत से सात गोल पीछे है।रियल मैड्रिड के स्टार ने दी बधाई लुका ने कहा, "हाय सुनील, मैं आपको बधाई देना चाहता हूं और राष्ट्रीय टीम के लिए आपके आखिरी मैच के लिए शुभकामनाएं देना चाहता हूं। आपके करियर के लिए बधाई। आप इस खेल के लीजेंड हैं। आपके साथियों से मैं उम्मीद करता हूं कि आप उनके आखिरी मैच को यादगार बनाएंगे। टीम क्रोएशिया की ओर से शुभकामनाएं।" छेत्री के संन्यास पर कोच ने जताई निराशा भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने दिग्गज भारतीय फुटबॉलर सुनील छेत्री के संन्यास पर भी बात की। उन्होंने कप्तान के रिटायरमेंट पर निराशा जताई। स्टिमक ने कहा, "एक कोच के तौर पर जाहिर है मैं निराश हूं क्योंकि सुनील हमें छोड़कर जा रहा है। वह अगर बेंगलुरु एफसी के लिए अच्छा करते है और हमें उनकी जरूरत हुई तो मैं उन्हें इस फैसले पर फिर से विचार करने के लिए बोल सकता हूं।"

# युगांडा ने 19वें ओवर में हासिल किया लक्ष्य, पीएनजी को तीन विकेट से हराया



इस मुकाबले में रिआजत अली शाह के अलावा कोई भी बल्लेबाज नहीं चला। उन्होंने 33 रनों की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। हालांकि, उनका स्ट्राइक रेट 58.92 रनों का ही रहा।

टी20 विश्व कप 2024 का नौवां मैच गुरुवार को पापुआ न्यू गिनी और युगांडा के बीच खेला गया। इस मैच में यूगांडा ने 10 गेंदों के शेष रहते हुए तीन विकेट से जीत दर्ज की। गयाना में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीएनजी 19.1 ओवर में 77 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। जवाब में युगांडा ने 182 ओवर में सात विकेट खोकर 78 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

**पीएनजी का खराब प्रदर्शन**

इस मुकाबले में पीएनजी की खराब शुरुआत हुई थी। 19 रन के स्कोर टीम के तीन विकेट गिरे। रामजनी ने कप्तान असद वाला को पहले ओवर की पहली गेंद पर अपना शिकार बनाया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद मियागी ने सेसे बाऊ को आउट किया। वह सिर्फ पांच रन बना सके। टीम को तीसरा झटका कॉसमस ने दिया। उन्होंने टॉनी उरा को मुकासा के हाथों कैच कराया। वह मात्र एक रन बना सके। युगांडा के खिलाफ लीगा स्याका ने 12, हीरि हीरि ने 15, चार्ल्स एमिनी ने पांच, किपलिन डॉर्जिया ने 12, चैड सोपर ने चार, नॉर्मन वेनुआ ने पांच, अली नाओ ने पांच रन बनाए। वहीं, जॉन करिको बिना खाता खोले नाबाद रहे। इस मुकाबले में युगांडा के लिए अल्पेश, कॉसमस, मियागी और फ्रेंक सुबुगा ने दो-दो विकेट चटकाए जबकि ब्रायन मसाबा को एक सफलता मिली।

**युगांडा की पारी**

77 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा की शुरुआत कुछ अच्छी नहीं हुई। छह रन के स्कोर पर टीम ने तीन विकेट गंवा दिए। अली नाओ ने रोजर मुकासा को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद दूसरे ओवर में वानुआ ने रॉबिनसन को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ एक रन बना सके। तीसरे ओवर में नाओ ने सामन सेसाजी को आउट किया। वह भी सिर्फ एक रन बना सके। इस मुकाबले में रिआजत अली शाह के अलावा कोई भी बल्लेबाज नहीं चला। उन्होंने 33 रनों की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। हालांकि, उनका स्ट्राइक रेट 58.92 रनों का ही रहा। इस मैच में अल्पेश ने आठ, दिनेश ने शून्य, जुमा मियागी ने 13, केनेथ (नाबाद) ने सात रन बनाए। ब्रायन बिना खाता खोले नाबाद रहे। पीएनजी के लिए अली नाओ और नॉर्मन वानुआ ने दो-दो विकेट चटकाए। वहीं, चैड सोपर और असद वाला ने एक-एक विकेट चटकाया।

# कुवैत के खिलाफ मैच से पहले कोच स्टिमक ने कही दिल की बात, बोले



भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंकों के साथ कतर (12 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर काबिज है। अफगानिस्तान गोल अंतर से पिछड़कर तीसरे स्थान पर है। कुवैत तीन अंक के साथ आखिरी पायदान पर है। भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने गुरुवार को कुवैत के खिलाफ होने वाले मैच से पहले बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस मैच में जीत उनके खिलाड़ियों और उनके कोचिंग करियर की सबसे बड़ी जीत होगी। फीफा विश्व कप क्वालिफायर के दूसरे दौर के घरेलू चरण के मैच में भारत साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत से भिड़ेगा। इसके बाद भारतीय टीम का सामना 11 जून को कतर से उनकी ही सरजमीं पर होगा। 1998 में स्टिमक ने क्रोएशियाई टीम का प्रतिनिधित्व किया था जिसने विश्व कप का कांस्य पदक जीता था। उन्होंने बुधवार को कहा कि भारत के पास तीसरे दौर में जगह बनाने का शानदार मौका होगा जहां से 2026 विश्व कप के लिए टिकट हासिल करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। यह एक फुटबॉल खिलाड़ी और एक कोच के तौर पर उनके लिए 'सबसे बड़ा क्षण' होगा।

**स्टिमक ने कही दिल की बात**

स्टिमक ने कहा, "यह भारतीय फुटबॉल का भविष्य बदल सकता है। मैं इस देश में एक विदेशी हूं लेकिन मुझे एक भारतीय जैसा महसूस होता है। ईमानदारी से कहूं तो यह मेरे खेल और कोचिंग करियर का सबसे बड़ा मैच है और इसका सीधा सा कारण यह है कि हमारे पास कल डेढ़ अरब भारतीयों को खुश करने का मौका है।"

**भारत दूसरे स्थान पर**

भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंकों के साथ कतर (12 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर काबिज है। अफगानिस्तान गोल अंतर से पिछड़कर तीसरे स्थान पर है। कुवैत तीन अंक के साथ आखिरी पायदान पर है। भारतीय टीम अगर कुवैत को हराने में सफल रही तो वह तीसरे चरण के क्वालिफिकेशन में जगह लगभग पक्की कर लेगी क्योंकि अफगानिस्तान गोल अंतर के मामले में भारत से सात गोल पीछे है। पूर्व खिलाड़ी ने कहा, "इसे संभव बनाने के लिए हमें सब कुछ करने की जरूरत है। यही कारण है कि खिलाड़ी और कोचिंग करियर को मिलाकर यह मेरे लिए सबसे बड़ा मैच है।"

**छेत्री के संन्यास पर जताई निराशा**

इस दौरान स्टिमक ने दिग्गज भारतीय फुटबॉलर सुनील छेत्री के संन्यास पर भी बात की। उन्होंने कप्तान के रिटायरमेंट पर निराशा जताई। स्टिमक ने कहा, "एक कोच के तौर पर जाहिर है मैं निराश हूं क्योंकि सुनील हमें छोड़कर जा रहा है। वह अगर बेंगलुरु एफसी के लिए अच्छा करते है और हमें उनकी जरूरत हुई तो मैं उन्हें इस फैसले पर फिर से विचार करने के लिए बोल सकता हूं।"

# न्यूयॉर्क की घातक पिच पर पाकिस्तान को कैसे मात देगी टीम इंडिया

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उनकी टीम रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ न्यूीयॉर्क के नासाऊ में परिस्थितियों के हिसाब से तैयारी करेगी। यह ऐसा मैच होगा जिसमें पूरी टीम एक साथ आएगी और अपना योगदान देगी।

IND vs PAK: T20 World Cup 2024 में आयरलैंड के खिलाफ जीत के साथ भारत का सफर टूर्नामेंट में दमदार अंदाज में शुरू हुआ। लेकिन, इस मैच के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा यहां की पिच को लेकर थोड़े परेशान दिखे। आयरलैंड पर आठ विकेट से आसान जीत के बाद टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत करने वाले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उनकी टीम रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में इसी तरह की परिस्थितियों में खेलने के लिए तैयार रहेगी।

तेज गेंदबाजों ने शुरुआत में ही मैच भारत की झोली में डाल दिया

बता दें कि बुधवार को नासाऊ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण ने पूरी तरह से इस मुकाबले को भारत की झोली में डाल दिया, जहां पर अपने पहले ही स्पेरल में अर्शदीप सिंह ने दो विकेट निकालकर आयरलैंड की मुश्किलें बढ़ा दीं। दूसरे एंड पर मोहम्म्द सिराज पूरी तरह से दबाव बनाए हुए थे। साथ ही हार्दिक पांड्या ने भी अपनी धारदार गेंदबाजी से बेहतरीन प्रदर्शन किया और तीन विकेट लेकर आयरलैंड के बड़े स्कोर की उम्मीद पर पानी फेर दिया।

अब 9 जून को होगी पाकिस्तादन से भिड़ंत

भारतीय टीम के सामने केवल 97 रनों का लक्ष्य था। जवाब में विराट कोहली के रूप में भारत को पहला झटका लगा। यहां पर बिना अभ्यास मैच खेले विराट कोहली (1) पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित के साथ ओपनिंग कर रहे थे। रोहित अर्धशतक लगाकर रिटायर हर्ट और ऋषभ पंत ने नाबाद 30 रन बनाकर टीम की जीत पक्की की। अब टीम इंडिया 9 जून को इसी मैदान पर पाकिस्तान से भिड़ेगी।

पाक के खिलाफ हम परिस्थितियों के हिसाब से तैयारी करेंगे- रोहित शर्मा

रोहित शर्मा ने कहा कि मुझे नहीं पता कि पाकिस्तान के खिलाफ क्या उम्मीद करनी चाहिए? हम परिस्थितियों के हिसाब से तैयारी करेंगे। यह ऐसा मैच होगा जिसमें पूरी टीम एक साथ आएगी और अपना योगदान देगी। उम्मीद है कि हम फिर से इसी तरह का प्रदर्शन कर पाएंगे। नया मैदान, नया वेन्यू और हम देखना चाहते थे कि यहां खेलकर कैसा लगता है।

'पिच से तेज गेंदबाजों को काफी मदद'

रोहित शर्मा ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि पिच अभी जमी नहीं है और तेज गेंदबाजों को काफी मदद दे रही है। इस मैच में रोहित हाथ में चोट लगने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए। पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले कप्तान का चोटिल होना भारत के लिए चिंताजनक है। हालांकि, दिग्गज बल्लेबाज ने बताया कि उन्हें मामूली चोट लगी है और वो अब पहले से ठीक हैं।

# बर्ड फ्लू संक्रमण से पहली बार इंसान की मौत

## - भारत के चार राज्यों में भी अलर्ट जारी

कोरोना से भी खतरनाक माना जा रहा एच5एन1 वायरस (एवियन इन्फ्लूएंजा) कई देशों में तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। हालिया रिपोर्ट्स में अमेरिका के कई शहरों में इसके गायों और दूध के माध्यम से भी इंसानों में फैलने के मामले सामने आए थे। इसी महीने की शुरुआत में भारत में भी एच5एन1 वायरस के मामले बढ़ने को लेकर अलर्ट किया गया था। एच5एन1 वायरस को बर्ड फ्लू के नाम से भी जाना जाता है। केंद्र सरकार ने इसी महीने की शुरुआत में एवियन इन्फ्लूएंजा को लेकर एडवाइजरी जारी करते हुए चार राज्यों आंध्र प्रदेश (नेल्लोर जिला), महाराष्ट्र (नागपुर जिला), झारखंड (रांची जिला) और केरल (अलपुझा, कोट्टायम और पथानामथिट्टा जिले) को विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी थी। अब विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बर्ड फ्लू के कारण दुनिया में पहली मौत की सूचना दी है। डब्ल्यूएचओ ने बुधवार (5 जून) को बताया कि मैक्सिको में 59 वर्षीय व्यक्ति की बर्ड फ्लू के कारण मौत हुई है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने यह नहीं बताया कि वह व्यक्ति कैसे संक्रमित हुआ था? रोगी को 17 अप्रैल को बुखार, सांस लेने में तकलीफ और दस्त जैसे लक्षणों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसे पहले से क्रोनिक किडनी फेलियर, मधुमेह और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां भी थीं।

# घर में हैं बुजुर्ग तो उन्हें बनाकर खिलाएं ये पकवान

## -पेट भरने के साथ मन भी रहेगा खुश



जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है, वैसे-वैसे हमारे शरीर में भी काफी परिवर्तन होते हैं। इन परिवर्तनों की वजह से शरीर में अलग तरह के पोषक तत्वों की जरूरत पड़ती है। खासतौर पर जब कोई बुजुर्ग हो जाता है तो उनके खाने का ध्यान घर वालों को ही रखना पड़ता है। शायद ही कोई घर ऐसा होगा, जिसमें बुजुर्ग ना रहते हों। जिस प्रकार से जब घर में कोई बच्चा आता है, तो उसका ध्यान रखना पड़ता है, ठीक उसी प्रकार से घर के बुजुर्गों का भी काफी खास ध्यान रखना पड़ता है। उम्र बढ़ने के साथ दांत कमजोर होने लगते हैं, जिस वजह से बुजुर्गों आप कुछ भी खाने को नहीं दे सकते। उन्हें वही चीजें खाने को दी जाती हैं, जिसे वो सही तरह से चबा लें। कई बार हेल्दी चीजें देने के चक्कर मे हम उनके स्वाद के बारे में भूल जाते हैं। इसीलिए आज के लेख में हम आपको कुछ स्वादिष्ट पकवानों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे आप अपने घर के बड़ों को दे सकते हैं।

**दलिया**

दलिया एक ऐसी चीज है, जिसे आप नाश्ते और खाने दोनों समय खा सकते हैं। ऐसे में आप चाहें तो नाश्ते में अपने घर के बुजुर्गों के लिए दूध और दलिया तैयार कर सकते हैं। अगर खाने में उनका दलिया खाने का मन है तो आप उन्हें नमकीन दलिया बनाकर खिला सकते हैं। बुजुर्गों को ऐसी चीजें काफी पसंद आती हैं, जिसे उन्हें चबाना ना पड़े। ऐसे में आप अपने परिवार के बुजुर्गों को टमाटर या मिक्स वेजिटेबल का सूप तैयार करके परोस सकते हैं। ध्यान रखें कि ये ज्यादा तीखा ना हो, वरना उन्हें पेट की समस्या हो सकती है।

चीला

चीला खाने में काफी नरम और स्वादिष्ट होता है। ऐसे में मूंग दाल का चीला आप उन्हें बनाकर खिला सकते हैं। इसे उनकी पसंदीदा चटनी के साथ ही परोसें। ताकि उनका मन भी भर जाए।

**इडली**

साउथ इंडियन खाना हर किसी को पसंद आता है। ऐसे में आप भी अपने घर के बुजुर्गों को स्वादिष्ट इडली बनाकर खिला सकते हैं। अगर उन्हें चटाकेदार खाना पसंद है, तो आप इसे फ्राई भी करके उन्हें परोस सकते हैं।

**ढोकला**

ये काफी मुलायम होता है और इसे बनाना भी काफी आसान होता है। ऐसे में आप अपने घर के बड़ों को हरी चटनी के साथ ढोकला परोस सकते हैं।

# नवोदय विद्यालय समिति ने काउंसलर के पदों पर निकाली भर्ती

## -एज लिमिट 50 साल, सैलरी 44900 रुपए




नवोदय विद्यालय समिति ने जवाहर विद्यालयों में भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट navodaya.gov.in पर जाकर अप्लाय कर सकते हैं।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन : उम्मीदवारों को साइकोलॉजी में मास्टर डिग्री (एमए/एमएससी) और गाइडेंस व काउंसलिंग में एक साल का डिप्लोमा किया होना चाहिए।एक साल का अनुभव भी जरूरी है।

आयु सीमा : उम्मीदवारों की उम्र 1 जून 2024 को कम से कम 28 साल और अधिकतम 50 साल होनी चाहिए।

सैलरी : 44900 रुपए प्रतिमाह।

फीस : इस पद के लिए 500 रुपए फीस तय की गई है।

एससी, एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए आवेदन फ्री है।

सिलेक्शन प्रोसेस : काउंसलर पद पर भर्ती पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर होगी। उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्ट क्वॉलिफाइंग एग्जाम में मिले मार्क्स के आधार पर होगी।

ऐसे करें आवेदन : ऑफिशियल वेबसाइट navodaya.gov.in पर जाएं।

होमपेज पर, अधिसूचना/रिक्तियां सेक्शन पर क्लिक करें।

"एनवीएस में काउंसलर भर्ती के लिए लिंक पर क्लिक करें।

स्क्रीन पर एक पीडीएफ खुलेगी, इसमें दिए गए डिटेल्स देखें।

पीडीएफ डाउनलोड करें। इसका प्रिंटआउट निकाल कर रखें।

अंतिम तिथि 15 जून 2024

# पटना उच्च न्यायालय में निकली भर्ती

## -अनुवादक और अनुवादक-सह-प्रूफ रीडर के लिए यहां से करें आवेदन




पटना उच्च न्यायालय, बिहार ने अनुवादक और अनुवादक-सह-प्रूफ रीडर के पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से नीचे बताए तरीके से आवेदन कर सकते हैं।

Patna HC Recruitment 2024: पटना उच्च न्यायालय, बिहार ने अनुवादक और अनुवादक-सह-प्रूफ रीडर के पदों पर भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट- patna-highcourt.gov.in के माध्यम से इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इन पदों कि लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2024 तक इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इस भर्ती अभियान का उद्देश्य कुल 80 पदों को भरना है, जिनमें से 60 रिक्तियां अनुवादक के पद के लिए और 20 अनुवादक-सह-प्रूफ रीडर के पद के लिए हैं।

आयु सीमा:

इन पदों के लिए आवेदन करने लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए और 37 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

शैक्षणिक योग्यता

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय के साथ स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। इसके अलावा, हिंदी का ज्ञान आवश्यक है।

किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर एप्लीकेशन में कम से कम छह महीने की डिप्लोमा/सर्टिफिकेट होना चाहिए।

लॉ डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

उर्दू/मैथिली/संथाली का ज्ञान रखने वाले उम्मीदवारों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

आवेदन शुल्क

अनारक्षित/बीसी/ईबीसी/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के आवेदकों को 1100 रुपये का आवेदन शुल्क देना होगा, जबकि एससी/एसटी/ओएच श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए 550 रुपये का आवेदन शुल्क लागू है।

कैसे करें आवेदन?

अनुवादक और अन्य पदों के लिए आवेदन करने के चरण 2024

सबसे पहले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट patna-highcourt.gov.in पर जाएं।

होमपेज पर उपलब्ध भर्ती टैब पर जाएं।

अनुवादक, अनुवादक-सह-प्रूफ रीडर पंजीकरण लिंक पर क्लिक करें।

पंजीकरण करें और आवेदन प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ें।

फॉर्म भरकर आवेदन शुल्क का भुगतान करें और फॉर्म जमा करें।

# एम्स में जूनियर रेजिडेंट के पदों पर निकली भर्ती

## - यहां से करें आवेदन; जानें रिक्ति विवरण




अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) ने नई दिल्ली में जूनियर रेजिडेंट पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।AIIMS Delhi Recruitment 2024: अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) वर्तमान में जूनियर रेजिडेंट पदों के लिए आवेदन स्वीकार कर रहा है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार एम्स की आधिकारिक वेबसाइट aiimsexams.ac.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इन पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून, 2024 (शाम 5.00 बजे तक) तक है।

इस भर्ती अभियान का लक्ष्य कुल 220 जूनियर रेजिडेंट पदों को भरना है।

पात्रता मापदंड

आयु सीमा: संस्थान द्वारा कोई ऊपरी आयु सीमा निर्दिष्ट नहीं की गई है। शैक्षिक योग्यता: उम्मीदवारों को एमबीबीएस/बीडीएस (इंटर्नशिप पूरा करने सहित) या एमसीआई/डीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष डिग्री उत्तीर्ण होनी चाहिए।

सुरक्षा जमा राशि

उम्मीदवारों को रुपये की सुरक्षा जमा राशि जमा करनी होगी। जेआर जुलाई 2024 सत्र के लिए 25,000 केवल पंजीकृत उम्मीदवार जिन्होंने सुरक्षा जमा राशि जमा की है, सीट आवंटन के लिए विचार किया जाएगा।

कैसे करें आवेदन?

सबसे पहले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट- aiimsexams.ac.in पर जाएं।

अब मुखपृष्ठ पर, 'भर्ती' पर क्लिक करें।इसके बाद जूनियर रेजिडेंट्स (गैर-शैक्षणिक) लिंक पर जाएं।

अभ्यर्थी पोर्टल पर अपना पंजीकरण करें और लॉगइन करें

फॉर्म भरकर दस्तावेज अपलोड करें और सबमिट कर दें।

# Energy drinks पीने की आदत आपके हार्ट को खतरे में डाल रही है?



ऊर्जा पेय का सेवन जानलेवा दिल की धड़कन की अनियमितता (कार्डियक अरेथमिया) के जोखिम को बढ़ा सकता है, खासकर उन मरीजों में जिनके पास आनुवंशिक हृदय रोग है, एक अध्ययन ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ऊर्जा पेय का सेवन जानलेवा दिल की धड़कन की अनियमितता (कार्डियक अरेथमिया) के जोखिम को बढ़ा सकता है, खासकर उन मरीजों में जिनके पास आनुवंशिक हृदय रोग है, एक अध्ययन ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मायो क्लिनिक, अमेरिका के शोधकर्ताओं ने कहा कि इन पेय में कैफीन की उच्च मात्रा और अतिरिक्त अनियंत्रित तत्व होते हैं जो दिल की धड़कन, रक्तचाप और हृदय की संकुचन को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने समझाया कि ऊर्जा पेय में प्रति सेवारत 80 मिग्रा से 300 मिग्रा तक कैफीन होता है, जबकि एक 8-औंस कप ब्रू कॉफी में 100 मिग्रा कैफीन होता है। हालांकि, अधिकांश ऊर्जा पेय में कैफीन के अलावा अन्य उत्तेजक तत्व भी होते हैं जो यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) द्वारा अनियंत्रित होते हैं, जैसे कि टॉरिन और गुआराना।

जर्नल 'हार्ट रिदम' में प्रकाशित इस अध्ययन में मायो क्लिनिक में 144 अचानक कार्डियक अरेस्ट सर्वाइवर का परीक्षण किया गया, जिनमें से सात मरीजों (5 प्रतिशत) ने अपने कार्डियक घटना के पास एक या अधिक ऊर्जा पेय का सेवन किया था। मायो क्लिनिक के जेनेटिक कार्डियोलॉजिस्ट माइकल जे. एकरमैन ने कहा, "ऊर्जा पेय का असामान्य सेवन संभवतः अन्य चर के साथ मिलकर जोखिम कारकों का एक 'परफेक्ट स्टॉर्म' बना, जिससे इन मरीजों में अचानक कार्डियक अरेस्ट हुआ," ।

शोधकर्ताओं ने कहा, "हालांकि अध्ययन ने सीधे कारण साबित नहीं किया, सावधानी की सलाह दी जाती है और डॉक्टरों ने सिफारिश की है कि मरीज ऊर्जा पेय का सेवन संयम में करें।

माइकल ने नोट किया कि ऊर्जा पेय का बाजार पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ा है।

प्रमुख अन्वेषक ने कहा, इससे "कैफीन सेवन और इन पेय में अतिरिक्त अनियंत्रित तत्वों के संयुक्त प्रभाव के संभावित खतरों के बारे में चिंता बढ़ी है ।

# गूगल मैप्स अब स्टोर नहीं करेगा यूजर की हिस्ट्री




गूगल मैप्स में अब यूजर का डाटा स्टोर नहीं होगा। पहले गूगल मैप्स के सर्वर पर यूजर की लोकेशन हिस्ट्री स्टोर होती थी, लेकिन अब यूजर की डिवाइस यानी फोन पर ही हिस्ट्री डाटा स्टोर होगा। गूगल मैप्स ने लोकेशन हिस्ट्री का नाम भी बदलकर टाइमलाइन कर दिया है। यदि आप भी गूगल मैप्स का इस्तेमाल करते हैं और अपनी मैप हिस्ट्री को लेकर परेशान रहते हैं तो आपके लिए गुड न्यूज है। हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि गूगल मैप्स की प्राइवेसी अब और बेहतर होने वाली है। गूगल अब लोकेशन डाटा को लेकर नई प्लानिंग कर रहा है। एक नई रिपोर्ट के मुताबिक गूगल मैप्स में अब यूजर का डाटा स्टोर नहीं होगा। पहले गूगल मैप्स के सर्वर पर यूजर की लोकेशन हिस्ट्री स्टोर होती थी, लेकिन अब यूजर की डिवाइस यानी फोन पर ही हिस्ट्री डाटा स्टोर होगा। गूगल मैप्स ने लोकेशन हिस्ट्री का नाम भी बदलकर टाइमलाइन कर दिया है। गूगल के इस फीचर को जारी करने की तारीख एक दिसंबर 2024 तय की गई है।

**गूगल मैप्स के नए अपडेट के फायदे**

गूगल मैप्स का यह फीचर प्राइवेसी के लिए है। सर्वर पर डाटा होने से उसके लीक होने का खतरा रहता है लेकिन ऑन डिवाइस स्टोर होने के बाद यह खतरा कम हो जाता है। कई बार नेटवर्क कमजोर होने से भी यूजर अपनी लोकेशन हिस्ट्री नहीं देख पाते हैं लेकिन ऑन डिवाइस स्टोर होने के बाद हिस्ट्री देखने के लिए नेटवर्क की जरूरत नहीं होगी। गूगल ने मैप्स के लिए एंड टू एंड एंक्रिप्शन भी पेश किया है जो कि यूजर्स के डाटा के लिए एक नया सिक्योरिटी लेयर है। फिलहाल यह फीचर केवल एप के लिए जारी किया जा रहा है। वेब वर्जन के लिए यह रिलीज होगा या नहीं, इस संबंध में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है।

# आईफोन में मिलते हैं ये कमाल के फीचर्स

## -जान गए तो मुश्किल स्थिति में नहीं होगी परेशानी



अगर आप आईफोन का इस्तेमाल करते हैं तो आपको इन 4 फीचर्स के बारे में पता होना चाहिए। इस खबर में बताए गए फीचर किसी भी कठिन स्थिति में बेहद काम आ सकते हैं। जानिए क्या है फीचर्स की डिटेल। सारी दुनिया जानती है कि एपल की तकनीक काफी बेहतर होती है। एपल आईफोन में कई ऐसे फीचर्स मिलते हैं, जो कि यूजर्स की प्राइवेसी और सुरक्षा का ध्यान रखती हैं। अगर आप आईफोन का इस्तेमाल करते हैं तो आपके लिए यह खबर काम की हो सकती है। इसके साथ ही एपल अपने कई डिवाइस में कमाल के फीचर्स देता है, जो कि स्मार्टवॉच और आईपेड में भी आसानी से मिल जाते हैं। ऐसे में इस खबर में जानिए आईफोन में किन चार खास खूबियों के बारे में जानना जरूरी है। यह सभी फीचर्स किसी भी आपात स्थिति में काम आ सकते हैं।

**इमरजेंसी एसओएस**

एपल के आईफोन में कई ऐसे फीचर्स हैं, जिनके बारे में बेहद ही कम लोग जानते हैं। आईफोन में मिलने वाला एक फीचर इमरजेंसी एसओएस भी है। इस फीचर का इस्तेमाल कई लोगों के लिए लाइफ सेविंग हो जाता है। इस फीचर की वजह से किसी भी आपात हालात में अपने करीबियों को कॉल, मैसेज अलर्ट भेजा सकता है। इस फीचर को भारत समेत दुनियाभर में इस्तेमाल किया जाता है। डिवाइस पर दिए गए बटन को तीन बार दबाना होता है। इसके बाद यह फीचर अपना काम कर देता है।

**इमरजेंसी कॉन्टैक्ट**

आईफोन में इमरजेंसी कॉन्टैक्ट फीचर मिलता है। यूजर्स इस फीचर में बदलाव करने के लिए फोन की सेटिंग में जाकर इमरजेंसी एसओएस को तलाश कर सकते हैं। इस फीचर में यूजर्स किसी भी करीबी को आपात स्थिति के लिए जोड़ सकते हैं। यूजर्स द्वारा इस फीचर का इस्तेमाल करने पर एपल यूजर के करीबियों को मैसेज के जरिए संदेश भेज देती है।

**इमरजेंसी एसओएस सैटेलाइट**

आईफोन में यूजर्स को सैटेलाइट के जरिए इमरजेंसी एसओएस यानी किसी भी मुश्किल स्थिति में खुद को संभालने की सुविधा मिलती है। हालांकि, अभी तक यह फीचर सिर्फ नए वाले आईफोन मॉडल्स में ही आता है। इस फीचर के जरिए जब भी फोन में नेटवर्क नहीं होते हैं तो सैटेलाइट सुविधा के जरिए किसी को भी कॉल या मैसेज किया जा सकता है। एपल आईफोन में मिलने वाला यह फीचर काफी यूजर्स के लिए काफी बढ़िया साबित हो सकता है।

**इमरजेंसी क्रैश डिटेक्शन**

आईफोन में मिलने वाला इमरजेंसी क्रैश डिटेक्शन फीचर वाहन के क्रैश होने पर खुद ही पहले से सेट नंबरों पर मैसेज और कॉल कर देता है। फिलहाल यह फीचर सीमित है, मगर आने वाले समय में स्मार्टवॉच समेत अन्य डिवाइस में भी मिल सकता है।

# भूल गए हैं अकाउंट का पासवर्ड तो ऐसे करें रिकवर

IRCTC की साइट पर तत्काल टिकट बुक करना एक मुश्किल काम होता है और यह तब और मुश्किल हो जाता है जब ऐन वक्त पर हम पासवर्ड भूल जाते हैं। आज हम आपको IRCTC अकाउंट का पासवर्ड रीसेट करने का तरीका बताएंगे...

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (IRCTC) का इस्तेमाल देश में लाखों लोग करते हैं। आप में से भी कई लोगों के पास IRCTC का अकाउंट होगा। अन्य ऑनलाइन पोर्टल की तरह ही IRCTC पर भी यूजर को लॉगिन करना पड़ता है और आईडी बनानी होती है। IRCTC की साइट पर तत्काल टिकट बुक करना एक मुश्किल काम होता है और यह तब और मुश्किल हो जाता है जब ऐन वक्त पर हम पासवर्ड भूल जाते हैं। आज हम आपको IRCTC अकाउंट का पासवर्ड रीसेट करने का तरीका बताएंगे...

IRCTC पासवर्ड कैसे रीसेट करें

आप अपने IRCTC पासवर्ड को दो तरीकों से रीसेट कर सकते हैं- ईमेल और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के माध्यम से।

ईमेल आईडी के जरिए IRCTC पासवर्ड रीसेट करें

सबसे पहले आधिकारिक IRCTC वेबसाइट पर जाएं और 'Forgot Password' लिंक पर क्लिक करें।

आपको अपना यूजरनेम दर्ज करने के लिए कहा जाएगा। इसे दर्ज करें और अगले चरण पर जाएं।

आपको एक पेज पर री-डायरेक्ट किया जाएगा जहां आपको एक सिक्योरिटी प्रश्न का उत्तर देना होगा। यहां वही सवाल पूछा जाएगा जिसे आपने अकाउंट बनाते समय सेट किया था।

सुरक्षा प्रश्न का सही उत्तर देने पर, आपको IRCTC से एक ईमेल प्राप्त होगा। इस ईमेल में पासवर्ड रीसेट करने के निर्देश होंगे।

अपने पासवर्ड को रीसेट करने के लिए ईमेल में दिए गए निर्देशों का पालन करें।

मोबाइल नंबर के जरिए IRCTC पासवर्ड रीसेट

IRCTC वेबसाइट पर जाएं और 'Forgot Password' लिंक पर क्लिक करें।

अपना यूजरनेम और दिखाया गया कैप्चा कोड दर्ज करें, फिर आगे बढ़ें।

आपको पासवर्ड रीसेट पेज पर रीडायरेक्ट किया जाएगा। यहां आपको अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा।

आपके रजिस्टर्डमोबाइल नंबर पर एक ओटीपी (वन-टाइम पासवर्ड) भेजा जाएगा। इस ओटीपी को पासवर्ड रीसेट पेज पर डालें।

ओटीपी दर्ज करने के बाद, आपको एक नया पासवर्ड डालने करने के लिए कहा जाएगा। नए पासवर्ड की पुष्टि करके उसे फिर से दर्ज करें।

कैप्चा कोड दर्ज करें और अपना नया पासवर्ड सबमिट करें।

पासवर्ड बनाते समय अक्षर, नंबर और स्पेशल कैरेक्टर को पासवर्ड में शामिल करें। 'password123' या 'abcdef' जैसे पासवर्ड ना रखें।

## दिल्ली की हार पर राज्य कांग्रेस प्रमुख बोले

# आप के साथ गठबंधन मजबूत नहीं था, इसमें सुधार करना होगा

रॉयल पत्रिका ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद अपनी हार-जीत का आकलन कर रही हैं। कई राज्यों में सवाल यह भी उठ रहे हैं कि इंडिया गठबंधन या एनडीए को किन राज्यों में फायदा या नुकसान हुआ। ऐसे में अगर बात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की करें तो यहां आप और कांग्रेस पार्टी ने गठबंधन में लड़ी थी, लेकिन इसके बावजूद दिल्ली की सातों सीटों में से दोनों पार्टियों को किसी भी सीट पर जीत हासिल नहीं हो सकी। सभी सीटों पर फिर से भाजपा ने जीत दर्ज की है। इसमें सुधार करना होगा।



## हार-जीत पर नेताओं की बयानबाजी शुरू, भाजपा में भी असंतोष के सुर

### दिल्ली में अकेले विसचुनाव लड़ेगी आप

दिल्ली में विधायकों के साथ बैठक के बाद आम आदमी पार्टी ने बड़ा फैसला लिया है। पार्टी ने बयान जारी कर कहा, आप दिल्ली में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए था। गुरुवार को पार्टी ने अपने सभी विधायकों को मुख्यमंत्री आवास पर मीटिंग के लिए बुलाया था। मौजूदा समय में 70 विधानसभा सीटों पर आप के 62 विधायक हैं। आम आदमी पार्टी ने भाजपा अध्यक्ष के बयान पर निशाना साधा। आप नेताओं का कहना है कि पार्टी जाति या धर्म में निहित किसी भी राजनीति की कड़ी निंदा करती है। हम समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं जिससे सभी को लाभ हो।

### सांसद इंद्रजीत बौखलाए

### झूठा था भाजपा का 400 पार वाला नारा



लोकसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा की आंतरिक फूट अब सामने आने लगी हैं। हरियाणा में पार्टी की सीटें पिछले चुनाव के मुकाबले आधी हो गई हैं। इस बीच केंद्र सरकार के मंत्री और सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि भाजपा का 400 पार वाला नारा झूठा था। उन्हें हरियाणा इकाई से कोई सहयोग ही नहीं मिला। अगर उनके ग्रामीण कार्यकर्ताओं का साथ न मिलता तो वो भी गुरुग्राम सीट पर हार ही जाते। यहां कांग्रेस प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली थी।

**नतीजों ने बिगाड़ा खेल**

उन्होंने कहा कि पार्टी का 400 पार वाला नारा झूठा निकला है। मीडिआ वाले मुझसे पूछते थे कि क्या 400 पार होगा या नहीं, तो मैं नतीजों से पहले कैसे कुछ बोलता, सच यह है कि राज्य में कुछ ठीक नहीं चल रहा।

**उधर, सियासी दलों के अपने अपने दावे**



### टीएमसी के संपर्क में हैं 3 सांसद

कोलकाता। एनडीए के सरकार बनाने की कवायद के बीच तृणमूल कांग्रेस ने दावा है कि भाजपा के 3सांसद उनके संपर्क में हैं। बंगाल में भाजपा के तीन सांसद उनकी पार्टी के संपर्क में हैं।

### शरद पवार ने कहा
### अजित गुट के 19 विधायक मेरे साथ



मुंबई। चुनाव के बाद महाराष्ट्र विधानसभा में बड़ी सियासी हलचल है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) का दावा है कि अजित पवार गुट के 18-19 विधायक उनके संपर्क में हैं।

### पार्टी के नए सांसदों से मिले शिंदे
### 4 सदस्यों के साथ आने की बात कही



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों से मिले। इस बीच सीएम शिंदे ने कहा कि 4 माननीय हमारे संपर्क में हैं। फिलहाल इसका खुलासा नहीं किया है।

## भाजपा के सहयोगी दलों ने दिखाई एकजुटता, एक सुर में बोले

# एनडीए के साथ हम 'दीवार' की तरह खड़े, कमियों पर करेंगे विचार मंथन

रॉयल पत्रिका ▶▶ नई दिल्ली

**चुनाव में स्पष्ट बहुमत किसी दल को नहीं मिला। एनडीए गठबंधन के पास तो बहुमत का आंकड़ा है। लेकिन इंडी गठबंधन के पास बहुमत का आंकड़ा नहीं है। 9 जून को पीएम मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इस बीच बयानबाजियों का बाजार भी खूब गरम है। सभी दल अपनी-अपनी जुगत लगाते दिखाई दे रहे हैं।**

लोकसभा चुनाव खत्म हो चुका है। चुनाव के परिणाम भी आ चुके हैं। स्पष्ट बहुमत किसी दल को नहीं मिला। हालांकि, एनडीए गठबंधन के पास तो बहुमत का आंकड़ा है। लेकिन इंडी गठबंधन के पास बहुमत का आंकड़ा नहीं है। 9 जून को पीएम मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इस बीच बयानबाजियों का बाजार भी खूब गरम है।

राजद नेता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि इस सरकार में जेडीयू की अहम भूमिका होने जा रही है। नीतीश कुमार महात्मा गांधी के विचारों को मानने वाले हैं। जो मुद्दे हैं उस पर जेडीयू ने अपनी स्थिति साफ कर दी है और वह दीवार की तरह भाजपा का सहयोग करेगी। हालांकि अग्निवीर, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा, जातीय जनगणना आदि मुद्दे हैं, जिन पर जेडीयू अपना नजरिया जाहिर कर सकती है। बिहार को मिलने वाले विशेष लाभ पर भी ध्यान देना चाहिए।

**अफवाहों का बाजार भी गरम**

सरकार बनाने के लिए दिल्ली में चल रही बड़ी कवायद

पिछले दरवाजे से समर्थक दल भी लाभ लेने की कोशिश में लगे हैं

### एनडीए के पास बहुमत का आंकड़ा, फिर भी समर्थक दलों ने दिखाया जोर



### उपमुख्यमंत्री सिन्हा ने कहा
### नीतीश सदैव साथ रहेंगे, भ्रामक खबरें फैलाई जा रहीं



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार बिहार में हमेशा प्रमुख भूमिका में रहे हैं। वे एनडीए का हिस्सा थे, हैं और रहेंगे। जनादेश एनडीए के पक्ष में मिला है इसलिए जो चोर दरवाजे से ताक-झांक करते रहते हैं वे सफल नहीं होंगे, उनकी मंशा कभी पूरी नहीं होगी। यूपी सरकार में मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि आरक्षण और संविधान बदलने को लेकर अफवाहें फैलाई गईं।

### उपमुख्यमंत्री सम्राट और ललन की दो टूक
### हम सभी एनडीए के घटक और सदैव साथ खड़े रहेंगे

इसके अलावा बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि देश की जनता ने 292 सीट देकर नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनने का मौका दिया है और यह इतिहास में पहली बार है जब लगातार तीसरी बार कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री बन रहा है। हमने समीक्षा की है। नीतीश कुमार बिहार के नेता हैं। बिहार के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार दोनों प्रतिबद्ध हैं। वहीं जेडीयू सांसद राजीव रंजन(ललन) सिंह ने कहा कि जेडीयूसंसदीय दल की बैठक शुक्रवार सुबह 9:30 बजे होनी है। हम लोग एनडीए के साथ हैं और पूरी मजबूती के साथ हैं। पूरी मजबूती के साथ एनडीए के साथ रहेंगे।



**यूपी में हार के बाद हड़कंप**



### प्रदेशाध्यक्ष चौधरी ने की इस्तीफे की पेशकश

**लखनऊ/ नई दिल्ली।** हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को पहले से लगभग आधी सीटें ही मिल सकी हैं। यहां पार्टी को बड़ा नुकसान हुआ है। अब इस हार के बाद भाजपा में हलचल थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य में हार के बाद भाजपा में मंथन का दौर शुरू हो गया है। चुनाव की हार के बाद सभी बड़े नेता दिल्ली पहुंचे गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि दिल्ली में यूपी को लेकर बड़ी बैठक होगी। इससे पहले इस्तीफों का दौर भी शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश में भाजपा के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने इस्तीफे की पेशकश की है। इसके पहले महाराष्ट्र में इस तरह का माहौल देखा गया है।

# महाराष्ट्र के निर्दलीय सांसद ने कांग्रेस को समर्थन दिया

### मुंबई में आज कांग्रेस के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक



लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद आज (7 जून) तीसरा दिन है। I.N.D.I.A. ब्लॉक में गहमागहमी का दौर जारी है। महाराष्ट्र के सांगली से निर्दलीय चुनाव जीतने वाले विशाल पाटिल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात करके कांग्रेस और I.N.D.I.A ब्लॉक को समर्थन देने का ऐलान किया।

आज मुंबई में कांग्रेस नेताओं की बैठक दोपहर एक बजे होगी। इसमें नवनिर्वाचित सांसद शामिल होंगे। मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में कल (8 जून) को पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की बैठक होगी।

वहीं, TMC से जुड़े सूत्रों ने गुरुवार 6 जून को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में कई बीजेपी के सांसद और विधायक उनकी पार्टी के संपर्क में हैं। इसको लेकर आने वाले हफ्ते में पार्टी इस पर फैसला ले सकती है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा में नेता विपक्ष चुने जा सकते हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में उन्हें नेता चुना जाएगा।

### कंपनी का दावा है कि 2050 तक लिफ्ट अंतरिक्ष जाने लगेगी।

# अब लिफ्ट में बैठकर 40 दिन में मंगल ग्रह पर पहुंच जाएगा इंसान

रॉयल पत्रिका ▶▶ नई दिल्ली

क्या ऐसी कोई लिफ्ट कभी संभव है, जिससे इंसान अंतरिक्ष में जा सकेगा? क्या सच में लिफ्ट के जरिए महज कुछ दिनों में इंसान अपने सामानों के साथ आसमान में जा सकता है? आज के वक्त में साइंस और टेक्नोलॉजी ने जिस तरह से खुद को डेवलप किया है, उस हिसाब से यह असंभव नहीं है। अभी तक भले इंसान स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष में जाता है, मगर बहुत जल्द लिफ्ट में बैठकर अंतरिक्ष की सैर कर सकेगा। जी हां, जापान की कंपनी ओबायशी एक ऐसी लिफ्ट (स्पेस एलिवेटर) बना रही है, जो हमें रिकॉर्ड समय में मंगल ग्रह तक पहुंचा देगी। जापानी कंपनी ओबायशी कॉर्पोरेशन स्पेस एलिवेटर बनाने पर काम कर रही है। स्पेस एलिवेटर प्लान पर काम कर रहे ओबायशी से जुड़े योजी इशिकावा ने कहा कि कंपनी फिलहाल रिसर्च, रफ डिजाइन, पार्टनर्शिप बिल्डिंग और प्रमोशन के काम में लगी हुई है। मंगल ग्रह तक पहुंचने में अभी छह से आठ महीने तक का समय लगता है। वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया है कि अंतरिक्ष एलिवेटर हमें तीन से चार महीने या यहां तक कि 40 दिनों में स्पेस में पहुंचा सकता है। ओबायशी कॉर्पोरेशन ने पहली बार 2012 में स्पेस लिफ्ट के लिए अपनी योजना की घोषणा की थी।



### कंपनी का क्या है प्लान?

कंपनी का कहना है कि वह साल 2025 में 100 बिलियन डॉलर की परियोजना पर निर्माण शुरू करेगी। और साल 2050 तक लिफ्ट से स्पेस तक ऑपरेशन शुरू हो सकता है। हालांकि, इशिकावा का मानना है कि कंस्ट्रक्शन का काम अगले साल से शुरू नहीं होगा। ओबायशी की मानें तो सीधी रेखा में चुंबकीय मोटर से चलने वाली रोबोटिक कारों को नवनिर्मित स्पेस स्टेशन तक ले जाया जाएगा। इस लिफ्ट में लोगों को सामान के साथ ले आया और ले जाया।

### स्पेस लिफ्ट है फायदेमंद

अगर स्पेस एलिवेटर यानी अंतरिक्ष लिफ्ट का कॉन्सेप्ट सच साबित होता है तो यह एक क्रांतिकारी डेवलपमेंट होगा। पहली बात तो यह कि इस लिफ्ट से आने-जाने में लगने वाली लागत अंतरिक्ष में पेलोड भेजने की लागत से भी कम होगी। दूसरी बात यह कि इससे पर्यावरण को भी अधिक नुकसान नहीं होगा, जितना कि पेलोड से होता है। रॉकेट में बड़ी मात्रा में ईंधन की आवश्यकता होती है। रॉकेट से काफी मात्रा में उत्सर्जन भी होता है। मगर यह स्पेस लिफ्ट सामान या यात्रियों को केबल के साथ लाने-ले जाने के लिए इलेक्ट्रिक मोटर्स का यूज कर सकती है। यह अंतरिक्ष आने-जाने का सबसे अधिक टिकाऊ और किफायती विकल्प होगा।

# अमृतसर के गोल्डन टेंपल में लगे खालिस्तानी नारे



पंजाब में गुरूवार को ऑपरेशन ब्लू स्टार की 40वीं बरसी मनाई गई। इसके लिए अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल में काफी संख्या में सिख समुदाय के लोगों की भीड़ जमा हुई। यहां भीड़ ने हाथों में तलवारें लहराते हुए खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। हाथ में ऑपरेशन ब्लू स्टार में मारे गए जरनैल सिंह भिंडरावाले के पोस्टर लेकर उसके समर्थन में भी नारे लगाए।

पंजाब में 2 दिन पहले आए लोकसभा चुनाव परिणाम में 2 खालिस्तान समर्थक रिकॉर्ड वोटों से जीते। इनमें असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल और इसी ऑपरेशन ब्लू स्टार के विरोध में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले उनके सिक्योरिटी गार्ड बेअंत सिंह का बेटा सर्बजीत सिंह खालसा शामिल है।

गोल्डन टेंपल में अमृतपाल की मां और फरीदकोट से सांसद चुने गए सर्बजीत खालसा भी पहुंचे। अमृतपाल की मां बलविंदर कौर पहले ही वहां से चली गईं, लेकिन सांसद खालसा गोल्डन टेंपल में रुके रहे।

बरसी को देखते हुए पुलिस भी हाई अलर्ट पर रही। अमृतसर में पैरामिलिट्री और पुलिस की सुरक्षा तैनात की गई। इस दौरान अमृतसर के बाजार बंद रहे।

सिखों के सर्वोच्च श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघवीर सिंह के संबोधन के बाद समागम को खत्म कर दिया गया। जिसके बाद गोल्डन टेंपल में जमा भीड़ वापस लौट गई।

# 10 साल बाद फिर गठबंधन सरकार का दौर

## अबतक 31 साल रहीं गठबंधन सरकारें, आर्थिक सुधार हुआ, लेकिन सहयोगियों के रुठने-मनाने से जूझती रहीं

पहले आम चुनाव (1952) के बाद से अब तक 72 सालों के चुनावी सफर में देश ने करीब 31 साल गठबंधन सरकारों का दौर देखा है। 2014 से 2024 तक नरेंद्र मोदी की अगुआई में एनडीए की सरकार जरूर थी, लेकिन इसके प्रमुख घटक भाजपा ने 2014 और 2019 में क्रमशः 282 और 303 सीटें जीती थीं।

सरकार चलाने के लिए मोदी एनडीए के घटक दलों पर निर्भर नहीं थे। लेकिन, 2024 चुनाव में भाजपा की सीटें घटकर 240 हो गई हैं, लिहाजा इस बार भाजपा को घटक दलों पर निर्भर रहना होगा। यानी देश में एक बार फिर गठबंधन सरकार का दौर शुरू हो रहा है।

1977 में बनी जनता पार्टी की सरकार पहली गठबंधन सरकार थी। इसके बाद 1989 में वीपी सिंह की अगुआई में राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार बनी थी। उनकी सरकार के गिरने के बाद चंद्रशेखर ने कांग्रेस के बाहर से समर्थन से सरकार चलाई थी।

1991 में कांग्रेस को 232 सीटें मिलीं, जिससे पीवी नरसिंह राव को कई दलों के भरोसे रहना पड़ा। 1996 के चुनाव के बाद सबसे बड़े दल भाजपा के नेता अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री जरूर बने थे, लेकिन बहुमत नहीं जुटा सके। उनकी सरकार 13 दिनों में गिर गई।

उसके बाद एच डी देवेगौड़ा की अगुआई में 13 दलों से मिलकर बने संयुक्त मोर्चा की सरकार बनी, जिसे बाहर से कांग्रेस का समर्थन हासिल था। 1996 से 2014 तक देश ने गठबंधन सरकारों को लंबा दौर देखा। गठबंधन सरकारों ने आर्थिक सुधार के मामले में दिशा दिखाई, लेकिन अपने सहयोगियों को रुठने-मनाने से जूझती रहीं।

**आखिर कैसा रहा यह अनुभव? ये सरकारें कितनी मजबूत थीं और कितनी मजबूर? देखना दिलचस्प होगा...**

1. संयुक्त मोर्चा (1 जून, 1996 से 19 मार्च, 1998)

राजीव गांधी हत्याकांड में डीएमके और चारा घोटाले में लालू का नाम आने से कलह शुरू

इस दौर ने दो प्रधानमंत्री देखे, पहले एच डी देवेगौड़ा और फिर इंद्रकुमार गुजराल। देवेगौड़ा ने कांग्रेस के बाहर से समर्थन से बनी 13 दलों की संयुक्त मोर्चा सरकार संभाली थी। इसमें जनता दल, सपा, द्रमुक, तमिल मनिला कांग्रेस, असम गण परिषद व टीडीपी प्रमुख थे।

देवेगौड़ा सरकार में 1997 में चिदंबरम द्वारा पेश किए गए बजट में खाद, पावर ट्रिलर और छोटे ट्रैक्टर की खरीद पर सब्सिडी दी। आयकर की दरें 15, 30 और 40 फीसदी से 10, 20 और 30 फीसदी कर दी गईं। कॉर्पोरेट टैक्स में सेस हटाया गया। इसके साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए विनिवेश आयोग की पेशकश की गई।

देवेगौड़ा की जगह प्रधानमंत्री बनने वाले इंद्र कुमार गुजराल ने पड़ोसी देशों के साथ रिश्तों को प्राथमिकता दी। इसे 'गुजराल डॉक्ट्रिन' कहा गया। यह आज भी प्रासंगिक है।

कांग्रेस अध्यक्ष की अति महत्वाकांक्षा ने गिराई सरकार: देवेगौड़ा की सरकार कांग्रेस की मेहरबानी पर टिकी थी। कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी की अति महत्वाकांक्षी के चलते देवेगौड़ा को एक साल पहले इस्तीफा देना पड़ा। यही हाल उनके उत्तराधिकारी इंद्र कुमार गुजराल का हुआ।इसके लिए राजीव गांधी की हत्या की जांच से जुड़े जैन आयोग की रिपोर्ट को कांग्रेस ने आधार बनाया। रिपोर्ट में घटक दल डीएमके पर अंगुली उठाई गई थी। वैसे सरकार के आंतरिक झगड़े भी कम नहीं थे। चारा घोटाले में लालू प्रसाद यादव का नाम आने पर जनता दल के भीतर से ही आवाज उठने लगी थी।

2. एनडीए-1 : (19 मार्च, 1998 से 22 मई, 2004)

जयललिता खुद पर लगे केस न हटने और ममता सरकारी उपक्रम बंद करने से रुठ गईं

भाजपा की अगुआई में बने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने अटल बिहारी वाजपेयी की अगुआई में दो सरकारें दीं। इसमें भाजपा के साथ ही अन्नाद्रमुक, बीजद, अकाली दल, शिवसेना, टीएमसी और पीएमके जैसे दल शामिल थे। वाजपेयी ने 'गठबंधन धर्म' को महत्व दिया और सहयोगियों के साथ लचीला रुख अपनाने के साथ ही आर्थिक सुधारों को बढ़ाया।

उनकी सरकार ने दूरसंचार, बीमा क्षेत्र में सुधार किए, जिसके नतीजे आज सामने हैं। आईटी क्षेत्र में चमक ला दी। देश के महानगरों को जोड़ने वाली स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने आधारभूत ढांचे की दिशा में नई राह खोली।

ममता को मनाने पीएम वाजपेयी खुद कोलकाता गए: वाजपेयी को अपने दो घटकों तृणमूल व अन्नाद्रमुक के कारण मुश्किलें आईं। तृणमूल नेता ममता बनर्जी रेलमंत्री थीं। वह पश्चिम बंगाल के कुछ बीमार सरकारी उपक्रमों को बंद करने से नाराज थीं। ममता को मनाने पहले वाजपेयी ने जॉर्ज फर्नांडीज को भेजा था।

फिर खुद वाजपेयी ममता से मिलने कोलकाता गए थे। अन्नाद्रमुक सुप्रीमो जयललिया चाहती थीं कि उनके खिलाफ दर्ज मामले वापस लिए जाएं। बाद में उन्होंने नौसेना प्रमुख विष्णु भागवत की बर्खास्तगी को लेकर रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीज को सरकार से हटाए जाने की मांग की। मांग नहीं माने जाने पर 1999 में जयललिता ने वाजपेयी सरकार से समर्थन वापस ले लिया। वाजपेयी सरकार विश्वास प्रस्ताव के दौरान महज एक वोट से गिर गई।

3. यूपीए सरकार ( 22 मई, 2004 से 26 मई, 2014)

दो कार्यकाल पूरे किए, लेकिन घटक दलों की मनमानी से सरकार की साख चली गई

मनमोहन सिंह की अगुआई में यूपीए ने 2004 से 2014 तक दो सरकारें चलाईं। कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त लोकतांत्रिक गठबंधन (यूपीए) में कांग्रेस के साथ एनसीपी, राजद, लोजपा, डीएमके, तृणमूल, टीआरएस, झामुमो जैसे दल शामिल रहे हैं। यूपीए सरकार को वाम दलों का बाहर से समर्थन हासिल था।

यूपीए-एक सरकार में लोगों के संवैधानिक अधिकारों से संबंधित कई सुधार हुए। इसके लिए कई अहम कानून बनाए गए, जिनमें शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, वन अधिकार, खाद्य सुरक्षा, भूमि अधिग्रहण पुनर्वास व पुनर्स्थापन अधिनियम अहम हैं।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,